Ranchi ●Tuesday, 03 March 2026 ●Year : 05 ●Issue : 49 ●Ranchi Edition ●Page : 12 ●Price : ₹3 ●www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

रंगोत्सव कल

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में..
द फोटोन न्यूज Published From Ranchi

माह-ए-रमजान

इफ्तार 17:52

सेहरी 04:44

SHARE

सेंसेक्स	:	80,238.85
निफ्टी	:	24,865.70

SARAFA

सोना	:	15,715
चांदी	:	315.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

अवकाश की सूचना

होली पर्व के अवसर पर 'द फोटोन न्यूज' के कार्यालय में 03 और 04 मार्च 2026 को अवकाश रहेगा। अतः अखबार का अगला अंक 06 मार्च 2026 को प्रकाशित होगा। होली के मौके पर 'द फोटोन न्यूज' की ओर से पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं हॉकर बंधुओं सहित सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। इस दौरान देश-दुनिया की खबरों से अपडेट रहने के लिए देखते रहें www.thephotonnews.com

BRIEF NEWS

साल का पहला चंद्रग्रहण आज, होली कल

RANCHI : मंगलवार को इस साल का पहला चंद्र ग्रहण दिन में लगेगा। साल के पहले चंद्रग्रहण का सूतक काल सुबह से ही शुरू हो जाएगा। तीन मार्च मंगलवार को फाल्गुन की पूर्णिमा तिथि है। इसी दिन खग्रास चंद्रग्रहण लग रहा है। इसकी अवधि तीन घंटा 27 मिनट मानी जा रही है। इस दिन मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे। धार्मिक मान्यता अनुसार, ग्रहण और सूतक के समय रंगोत्सव भी नहीं होगा और न ही पूजा पाठ होगी। न ही होली का पूजन होगा। यह कार्य वर्जित माने गए हैं। ग्रहण का असर राशियों और भारत पर भी देखा जाएगा।

कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर 8.25% बरकरार

NEW DELHI : कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने सोमवार को कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर 2025-26 के लिए ब्याज दर 8.25 प्रतिशत निर्धारित की। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब ब्याज दर को अपरिवर्तित रखा गया है। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। पिछले वर्ष फरवरी में, ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8.25 प्रतिशत ब्याज दर को बरकरार रखा था। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने 2024 में ब्याज दर को मामूली रूप से बढ़ाकर 2023-24 के लिए 8.25 प्रतिशत कर दिया था।

थर्ड वर्ल्ड वॉर की आहट : नतान्ज परमाणु संवर्धन स्थल को बनाया गया निशाना, लगातार बढ़ रही हताहतों की संख्या

ईरान पर अमेरिकी-इजरायली विमानों की ताबड़तोड़ बमबारी ने बढ़ाया युद्ध का दायरा

NEW DELHI @ PTI : सोमवार को संयुक्त राष्ट्र की परमाणु एजेंसी में ईरान के दूत ने आरोप लगाया कि अमेरिकी-इजरायली हवाई हमलों में ईरान के नतान्ज परमाणु संवर्धन स्थल को निशाना बनाया गया है। इजरायल और अमेरिका ने परमाणु स्थल पर हुए हमलों की बात को स्वीकार नहीं किया है। इस पर अमेरिका ने जून में ईरान और इजराक्षल के बीच हुए 12 दिवसीय युद्ध के दौरान बमबारी की थी। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) में ईरान के राजदूत रजा नजाफी ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के खिलाफ किए गए गैरकानूनी, आपराधिक और क्रूर हमलों की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा, कल उन्होंने फिर से ईरान की शांतिपूर्ण और सुरक्षित परमाणु सुविधाओं पर हमला किया। उनका यह तर्क कि ईरान परमाणु हथियार विकसित करना चाहता है, सरासर झूठ है। जब उनसे पूछा गया कि वे किस परमाणु स्थल का जिक्र कर रहे हैं, तो नजाफी ने जवाब दिया- नतान्ज। स्थिति को लेकर आशंका जताई जा रही है कि कहीं थर्ड वर्ल्ड वॉर की आहट तो नहीं है। दूसरी ओर ईरान और ईरान समर्थित मिलिशिया ने इजरायल और अरब देशों पर मिसाइलें दागीं, जिनमें कुवैत में अमेरिकी दूतावास परिसर को निशाना बनाया गया। इजरायल और अमेरिका ने ईरान में लक्ष्यों पर बमबारी की, जिससे सोमवार को युद्ध का विस्तार हुआ। इसके साथ ही युद्ध में हताहतों की संख्या भी बढ़ रही है। ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी के अनुसार, अमेरिका-इजराइल अभियान में ईरान में अब तक कम से कम 555 लोग मारे जा चुके हैं और देशभर के 130 से अधिक इलाके हमलों की चपेट में आ चुके हैं।

- अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी में ईरान के राजदूत रजा नजाफी ने की हमलों की निंदा
- ईरान और ईरान समर्थित मिलिशिया ने इजरायल व कुवैत में अमेरिकी दूतावास परिसर को बनाया निशाना
- ओमान की खाड़ी में तेल टैंकर पर ड्रोन से हमला भारतीय की मौत

ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी के अनुसार, अब तक मारे जा चुके कम से कम 555 लोग

अब तक हमलों की चपेट में आ चुके हैं ईरान के 130 से अधिक इलाके

ईरान का दावा- नेतन्याहू के कार्यालय को बनाया निशाना

- **दो दिनों में भारत में 760 से अधिक इंटरनेशनल फ्लाइट्स कैंसिल**
- ईरान के खिलाफ फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन ने भी युद्ध में शामिल होने का किया एलान
- साइप्रस में ब्रिटिश एयरबेस पर ईरान का हमला
- अमेरिका के पूर्व एनएसए का दावा- हमले में अराफी की मौत

पश्चिम एशिया में हालत चिंताजनक : मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी ने इजरायल-ईरान जंग के बीच दिल्ली में कनाडा के पीएम मार्क कार्नी से मुलाकात के बाद कहा- पश्चिम एशिया में हालात चिंताजनक हैं। भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम करेगा। हम बातचीत से समस्या का समाधान निकालने के पक्ष में हैं।

खामेनेई की पत्नी की भी मौत

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के 2 दिन बाद उनकी पत्नी मंसूरेह खोझस्तेह बघेरजादेह का भी निधन हो गया है। मंसूरेह दो दिन पहले अमेरिका और इजराइल के हमले में घायल हुई थीं। इसी हमले में खामेनेई मारे गए थे।

ईरान का 4 देशों में 6 अमेरिकी बेस पर अटैक

ईरान ने मिडिल-ईस्ट के 4 देशों में 6 अमेरिकी बेस पर हमला किया। कुवैत में अमेरिका के कई फाइटर जेट क्रैश हो गए है। जेट हवा में गोल-गोल घूमने के थोड़ी देर बाद जमीन से टकरा गए। हालांकि, इसमें किसी मौत की नहीं हुई है। कुवैत ने गलती से 3 अमेरिकी फाइटरजेट्स को दुश्मन का विमान समझकर निशाना बनाया। हादसे में सभी अमेरिकी पायलट सुरक्षित हैं।

जंग के बीच डोनाल्ड ट्रंप ब्रिटेन से नाराज

युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पुराने सहयोगी ब्रिटेन पर नाराजगी जताई है। दरअसल ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने अमेरिका को हिंद महासागर में मौजूद अपना मिलिट्री बेस डिएगो गॉर्सिया देने में काफी देर लगाई है। अमेरिका जंग के पहले दिन ही इस बेस से ईरान पर हमला करना चाहता था। लेकिन ब्रिटेन ने 48 घंटे बाद इसकी इजाजत दी और कहा कि अमेरिका को यहां से सिर्फ ईरान के मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाने की परमिशन होगी। इसे लेकर ट्रंप ने कहा है कि वे ब्रिटिश पीएम से बेहद निराश है।

कुवैत सिटी में कई अमेरिकी युद्धक विमान दुर्घटनाग्रस्त

कुवैत सिटी में अमेरिकी दूतावास परिसर के अंदर से आग और धुआं उठने के साथ ही, देश के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि देश में कई अमेरिकी युद्धक विमान भी दुर्घटनाग्रस्त हो गए हैं। मंत्रालय ने दुर्घटनाओं के कारणों या उनमें शामिल विमानों की संख्या के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी, लेकिन कहा कि पायलटों को अस्पताल ले जाया गया है और उनकी हालत स्थिर है। अमेरिकी सेना ने इस मामले पर टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। अमेरिकी सरकार द्वारा वहां मौजूद अमेरिकियों को सुरक्षित स्थान पर जाने और अन्य को दूर रहने की चेतावनी जारी करने के कुछ ही समय बाद दूतावास परिसर पर हमला हुआ। तत्काल किसी प्रकार के नुकसान या हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली।

नहीं करेंगे अमेरिका के साथ बातचीत : अली लारीजानी

इसी बीच अमेरिकी और इजरायली हवाई हमले जारी रहने के दौरान, ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी ने 'एक्स' पर संकल्प जताया कि हम अमेरिका के साथ बातचीत नहीं करेंगे। इराक में ईरान समर्थक मिलिशिया ने बगदाद हवाई अड्डे पर अमेरिकी सैनिकों को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली, इससे एक दिन पहले ही उसने उत्तर में इरबिल शहर में एक अमेरिकी अड्डे पर गोलीबारी करने की बात कही थी, और साइप्रस ने कहा कि एक ड्रोन हमले में भूमध्यसागरीय द्वीप राष्ट्र में एक ब्रिटिश अड्डे को निशाना बनाया गया था।

बहरीन में भारत ने बंद की वीजा-पासपोर्ट सेवा

इजरायल-ईरान जंग के कारण बीते दो दिनों में भारत में 760+ इंटरनेशनल फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं। रविवार को भी दिल्ली एयरपोर्ट पर 87 फ्लाइट कैंसिल रहीं। दिल्ली, मुंबई, कोच्चि, बेंगलुरु, चेन्नई, जयपुर, अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स पर हजारों यात्री फंसे हुए हैं। बहरीन में स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर जानकारी दी कि मौजूदा हालात को देखते हुए इंडियन कांसुलर एप्लीकेशन सेंटर ने भारतीय वीजा और पासपोर्ट सर्विस अगले नोटिस तक बंद करने का फैसला किया है।

पीओके में हिंसक प्रदर्शन सात मरे

सोमवार को सुबह पीओके में विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया है। गिलगित-बाल्टिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने यूनाइटेड नेशंस के ऑफिस में आग लगाई। स्कर्दू में एसपी ऑफिस और कई सरकारी इमारतों को जला दिया। इस दौरान सुरक्षाबलों की ओर से की गई फायरिंग में 7 प्रदर्शनकारी मारे गए, 12 से ज्यादा घायल हैं।

2030 तक व्यापार को 50 अरब डॉलर तक ले जाएंगे भारत-कनाडा : पीएम

AGENCY NEW DELHI : सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और कनाडा 2030 तक अपना व्यापार 50 अरब डॉलर तक ले जाएंगे। दोनों देशों ने व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता भी जल्द ही पूरा करने पर सहमति जताई है। दोनों देशों के बीच सिविल न्यूक्लियर एनर्जी में दीर्घकालिक यूरेनियम आपूर्ति का ऐतिहासिक सौदा हुआ है। देश में भारत-कनाडा ह्यपल्स प्रोटीन उत्कृष्टता केंद्रह्व की स्थापना की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच सोमवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। वार्ता के बाद दोनों नेताओं की उपस्थिति में रक्षा, शिक्षा, कृषि एवं नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर हुए समझौतों का आदान-प्रदान किया गया। मोदी ने अपने प्रेस वक्तव्य में मेहमान नेता की दोनों देशों के संबंधों को गति देने के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि जल्द होने जा रहा व्यापार समझौता दोनों देशों में व्यापार और निवेश को बढ़ावा देगा। अति आवश्यक खनिजों को लेकर हुए समझौते से सप्लाई मजबूत होगी। अंतरिक्ष क्षेत्र में दोनों के स्टार्टअप और बिजनेस आपस में जुड़ेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और कनाडा अक्षय ऊर्जा तथा ऊर्जा स्टोरेज के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देंगे और इस वर्ष इससे जुड़ा एक सम्मेलन भारत में आयोजित किया जाएगा।

- दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय प्रतिनिधिमंडल स्तर की हुई वार्ता
- सिविल न्यूक्लियर एनर्जी में दीर्घकालिक यूरेनियम आपूर्ति का हुआ ऐतिहासिक सौदा

विकास के लिए झारखंड में 11 हजार करोड़ का निवेश करेगा टाटा ग्रुप

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में औद्योगिक विकास को नई गति देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए टाटा ग्रुप ने राज्य में लगभग 11 हजार करोड़ रुपये के नए निवेश की घोषणा की है। यह निर्णय सोमवार को रांची में हुई उच्चस्तरीय बैठक के बाद सामने आया। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के बीच विस्तृत वार्ता हुई। बैठक में राज्य में औद्योगिक विस्तार, नई प्रौद्योगिकी आधारित निवेश और दीर्घकालिक साझेदारी के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों के अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ज्ञान-आधारित उद्योगों और हरित तकनीक में निवेश को झारखंड के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया।

वार्ता के बाद मीडिया से बातचीत में चंद्रशेखरन ने कहा कि झारखंड से टाटा समूह का ऐतिहासिक संबंध रहा है और यहीं से कंपनी ने वैश्विक पहचान की नींव रखी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ हुई बातचीत सकारात्मक और दूरदर्शी रही।घोषित निवेश के तहत टाटा स्टील जमशेदपुर स्थित अपने संयंत्र में उन्नत तकनीक आधारित स्टील उत्पादन को बढ़ावा देगी। इस परियोजना का उद्देश्य उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता में सुधार के साथ कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना है।

- सीएम हेमंत सोरेन और टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन के बीच हुई विस्तृत वार्ता
- राज्य सरकार उद्योगों के अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

फोटोन एक्सक्लूसिव

सीएनटी-एसपीटी एक्ट का उल्लंघन कर बनाए गए मकान नहीं किए जाएंगे रेगुलर

NIKHIL KUMAR, RANCHI : हेमंत सरकार ने झारखंड रेगुलराइजेशन ऑफ अनऑथराइज्डली कंस्ट्रक्टेड बिल्डिंग रूल्स- 2026 का प्रस्ताव तैयार किया है। प्रस्तावित नियमावली के तहत शहरी निकाय क्षेत्रों में वैध भवन प्लान बिना निर्मित या अनधिकृत रूप से निर्मित भवनों और आवासों के लिए उचित शुल्क दर वसूल कर नियमितीकरण की एकमुश्त व्यवस्था की जाएगी। हालांकि, नियमों में स्पष्ट किया गया है कि छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम-1908 और संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम-1949 का उल्लंघन कर हस्तांतरित जमीन तथा सरकारी भूमि पर बने भवनों का नियमितीकरण नहीं किया जाएगा। नगर विकास विभाग के प्रस्ताव पर जल्द ही कैबिनेट की मंजूरी ली जाएगी। सरकार के अनुसार, यह नीति शहरी निकाय क्षेत्रों में लंबित अनधिकृत निर्माण मामलों के निपटारे और नियोजित शहरी विकास को गति देने के उद्देश्य से लाई जा रही है।

नियमों के तहत प्राप्त आवेदनों की विस्तृत जांच की जाएगी। यदि जांच में अतिरिक्त निर्माण, तथ्य छिपाने या गलत जानकारी देने की पुष्टि होती है, तो आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। स्वामित्व की भी जांच की जाएगी। ऐसी स्थिति में जमा की गई नियमितीकरण राशि जब्त कर ली जाएगी और अवैध निर्माण के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई, जिसमें तोड़-फोड़ भी शामिल है, की जाएगी।

ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट और अपील : आवेदन स्वीकृत होने पर संबंधित प्राधिकरण पूर्व में की गई प्रवर्तन कार्रवाई वापस लेगा तथा ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट जारी करेगा। आदेश से असंतुष्ट आवेदक 30 दिनों के भीतर राज्य सरकार द्वारा गठित अपीलीय ट्रिब्यूनल में अपील कर सकेंगे। अपीलों के निपटारे के लिए तीन महीने की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

- सरकारी जमीन पर भी बनाए गए भवन नहीं हो सकेंगे नियमित
- झारखंड रेगुलराइजेशन ऑफ अनऑथराइज्डली कंस्ट्रक्टेड बिल्डिंग रूल्स-2026 में स्पष्ट प्रावधान
- वेरिफिकेशन में गड़बड़ी होने से निरस्त होगा आवेदन, अवैध निर्माण पर चलेगा बुलडोजर

इन स्थितियों में नहीं होगा नियमितीकरण

- सरकारी भूमि या किसी सार्वजनिक उपक्रम, हाउसिंग बोर्ड, अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी, वक्फ बोर्ड अथवा अन्य सार्वजनिक संस्थाओं की जमीन पर अतिक्रमण।
- वैध स्वामित्व दस्तावेजों का अभाव।
- मास्टर प्लान, जोनल डेवलपमेंट प्लान, रोड अलाइनमेंट या प्रस्तावित सड़क परियोजना क्षेत्र में आने वाले निर्माण।
- टैंक बेड, जलग्रहण क्षेत्र या मास्टर प्लान में चिह्नित ओपन स्पेस पर निर्माण।
- स्वीकृत भूमि उपयोग और जोनिंग नियमों के विपरीत निर्माण।
- स्वामित्व विवादित या न्यायालय में लंबित मामले।
- असुरक्षित घोषित भवन।

चिंताजनक **वैश्विक खाद्य सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न होने की बनी स्थिति**

चुपचाप अब खेतों की मिट्टी से नमी छीनने लगा बढ़ता तापमान

PHOTON NEWS, RESEARCH DESK : विकास को केंद्र में रखकर बीते दशकों से जारी मानव गतिविधियों आज खुद उसके लिए कई परेशानियों का सबब बन रही हैं। जलवायु परिवर्तन की स्थिति विकराल समस्या का रूप ले रही है। लंबे समय तक किए गए रिसर्च के बाद हाल में वैज्ञानिकों ने बताया है कि अब धरती का बढ़ता तापमान केवल मौसम की चरम घटनाओं तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह चुपचाप खेतों की मिट्टी से नमी छीनकर कृषि व्यवस्था की जड़ों को कमजोर कर रहा है। वैज्ञानिक चेतावनी दे रहे हैं कि बसंत ऋतु में मिट्टी के जल्दी सूखने की प्रवृत्ति के कारण यूरोप, अमेरिका और भारत समेत दुनिया के कई प्रमुख कृषि क्षेत्रों में भीषण सूखे की आशंका बढ़ रही है। इसका सीधा असर फसल उत्पादन और वैश्विक खाद्य सुरक्षा पर पड़ सकता है। सालाना बारिश के आंकड़े पहले जैसे या उससे अधिक होने के बावजूद हालात विकट बना रहे हैं।

इस परिस्थिति का लंबे समय तक ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग के वैज्ञानिकों ने अध्ययन किया है। अंतरराष्ट्रीय जर्नल नेचर जियोसाइंस में शोध के नतीजोंको विस्तार से विश्लेषण के साथ प्रकाशित किया गया है। वैज्ञानिकों ने बताया है कि जलवायु परिवर्तन के कारण पृथ्वी का औसत तापमान लगातार बढ़ रहा है। इसका एक कम चर्चित लेकिन गंभीर परिणाम यह है कि मिट्टी और पौधों से पानी कहीं तेजी से वाष्पित हो रहा है। अब सूखा केवल कम बारिश का परिणाम नहीं रह गया है।

सिर्फ मौसम की चरम घटनाओं तक सीमित नहीं रह गया है जलवायु परिवर्तन

- बसंत ऋतु में भी मिट्टी के जल्दी सूखने की प्रवृत्ति ने खड़े किए शोधकर्ताओं के कान
- यूरोप, अमेरिका और भारत समेत कई प्रमुख कृषि क्षेत्रों में सूखे की बढ़ रही आशंका
- सालाना बारिश के आंकड़े पहले जैसे या उससे अधिक होने पर भी हालात विकट
- ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग के वैज्ञानिकों ने लंबे समय तक किया अध्ययन

- अंतरराष्ट्रीय जर्नल 'नेचर जियोसाइंस' में विश्लेषण के साथ प्रकाशित की गई है रिपोर्ट

फसलों की शुरुआती वृद्धि और पैदावार

वैज्ञानिकों ने यह स्पष्ट किया गया है कि बसंत ऋतु में मिट्टी की नमी का स्तर भविष्य के सूखे की गंभीरता तय करने में अहम भूमिका निभाता है। शोध के मुताबिक, अगर बसंत में मिट्टी पहले ही सूखी हो, तो गर्मियों में कृषि सूखा कहीं अधिक तीव्र रूप ले लेता है। यह स्थिति इसलिए भी चिंताजनक है, क्योंकि फसलों की शुरुआती वृद्धि इसी अवधि में होती है और पानी की कमी का असर पूरे मौसम की पैदावार पर पड़ता है। यूरोप में 2003, 2010 और 2018 के भीषण सूखे इस बात की मिसाल हैं कि बसंत और प्रारंभिक गर्मियों में मिट्टी की नमी की कमी किस तरह पूरे मौसम को प्रभावित कर सकती है।

कृषि व किसानों पर दबाव

बढ़ते तापमान और सूखती मिट्टी के कारण किसानों के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। भले ही बारिश के पैटर्न में बड़ा बदलाव न दिखे, लेकिन खेतों में नमी बनाए रखना कठिन होता जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, आने वाले वर्षों में कृषि को सुरक्षित रखने के लिए सूखा सहिष्णु फसलों को अपनाना, सिंचाई के तरीकों में सुधार करना और जल प्रबंधन को अधिक वैज्ञानिक बनाना अनिवार्य होगा। यह केवल तकनीकी बदलाव का नहीं, बल्कि कृषि नीति और निवेश के पुनर्विचार का भी सवाल है।

धराशायी हुआ सेंसेक्स, 1048 अंक गिरा, 80239 पर बंद

MUMBAI : अमेरिका-इजरायल और ईरान जंग के चलते भारतीय शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट रही। सेंसेक्स 1048 अंक (1.29%) गिरावट के साथ 80,239 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी करीब 313 अंकों (1.24%) की गिरावट रही, ये 24,866 के स्तर पर आ गया। जियोपॉलिटिकल तनाव और जंग जैसी स्थिति में महंगाई बढ़ने का खतरा रहता है। इससे कंपनियों का मुनाफा कम हो सकता है। ऐसे में निवेशक उनके शेयर बेचना शुरू कर देते हैं और इसे सोने-चांदी जैसी सुरक्षित जगह निवेश करते हैं। इससे बाजार में गिरावट आती है। कच्चे तेज की कीमतों में तेजी के चलते आज एनर्जी और ऑटो शेयरों में ज्यादा गिरावट है।

BRIEF NEWS

बरमसिया के कचरा गोदाम में लगी आग

DHANBAD : एफसीआई गोदाम के पास सोमवार को एक कचरा गोदाम में अचानक आग लग गई। इसका धुआं काफी ऊंचाई तक फैल गया था, जिससे आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना अग्निशमन और धनसार थाना को दी। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने करीब तीन घंटे बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस घटना में जान-माल की कोई क्षति नहीं हुई। आग भी रिहायशी इलाकों तक नहीं पहुंच सकी। घटना की सूचना मिलने पर झामुमो के महानगर अध्यक्ष मंटू चौहान ने कहा कि इस इलाके में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जिसके कारण इस तरह की घटनाएं हो रही हैं।

बीएल नेवटिया क्रिकेट में टॉउन क्लब बना चैंपियन

CHAIBASA : कृपा सिंधु चंदन की शानदार बल्लेबाजी (74 नाबाद) की बदौलत टॉउन क्लब चाईबासा, फ्रेंडस क्लब चाईबासा को 6 विकेट से पराजित कर 33वीं बीएल नेवटिया टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का चैंपियन बन गया। चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार को खेले आज खेले गए फाइनल मैच में टॉस टॉउन क्लब के कप्तान प्रणय कुमार ने जीता तथा फ्रेंडस क्लब को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए फ्रेंडस क्लब की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान 161 रन बनाए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी टॉउन क्लब की टीम ने 18.4 ओवर में 164 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार टॉउन क्लब चाईबासा के कृपा सिंधु चंदन को, सर्वश्रेष्ठ बैट्समैन का पुरस्कार फ्रेंड्स क्लब चाईबासा के शिवम पटेल को, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार टॉउन क्लब के आदित्य राज को तथा पूरे प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार टॉउन क्लब के कप्तान प्रणय कुमार को दिया गया।

खदेड़ने के दौरान कुएं में गिरा हाथी

KHUNTI : आम तौर पर जंगली हाथी का आतंक गांव देहात और खेत खलिहानों में ही देखने सुनने को मिलता रहा है, पर अब हाथी की इंट्री शहरों में हो गई। एक जंगली हाथी सोमवार को खूंटी शहरी क्षेत्र में घुस गया, पर गनीमत रही कि गजराज ने कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। लोगों और वन विभाग की ओर से खदेड़े जाने पर हाथी सेरेंग डीह के एक कुंआ में गिर गया। प्रशासन और वन विभाग की टीम हाथी को सुरक्षित बाहर निकालने का प्रयास में जुट गई है। सोमवार को सुबह लगभग पौने दस बजे एक जंगली हाथी को दतिया गांव से खूंटी के नेताजी चौक की ओर आता देख लोगों ने अफरातफरी मच गई। हाथी को देखकर लोग हाथी के पीछे हल्ला मचाते हुए दौड़ने लगे। इस स्थिति में हाथी नेताजी चौक के समीप महात्मा गांधी धर्मशाला परिसर में घुस गया। इसके बाद धर्मशाला के बगल में स्थित अधिवक्ता प्रदीप गौंझू के आवास परिसर से होता हुआ नगर भवन परिसर में जा घुसा। शहर में जंगली हाथी के प्रवेश करने की सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और लोगों को हाथी से दूर रहने की अपील करने लगे। थोड़ी देर बाद नगर भवन परिसर से हाथी बाहर निकला फिर उसे सुरक्षित मारंगहादा की ओर जंगली क्षेत्र में खदेड़ने लगे। उसी दौरान हाथी कुआं में गिर गया।

इटली के दंपती ने अनाथ बच्ची को लिया गोद

RAMGARH : इटली के दंपति ने एक अनाथ बच्ची को गोद लेकर उसकी दुनिया बदल डाली। रामगढ़ जिला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से सोमवार

को गैर सरकारी संस्था डिवाइन ओंकार मिशन के बालिका गृह से 12 वर्षीय बालिका ज्योति कुमारी को इटली निवासी दंपत्ति क्लाउडिया पेद्रिनी एवं उनकी धर्मपत्नी डोमिंगा सेल्विनी द्वारा विधिवत गोद लिया गया। इस अवसर पर डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने बालिका को दंपत्ति को सौंपते हुए उनसे एवं बालिका से आत्मीय बातचीत की।

बोकारो स्टील के रिटायर्ड कर्मियों ने प्रबंधन को दी आत्मदाह की चेतावनी

भूख हड़ताल पर बैठे सेवानिवृत्त कर्मचारी, मैनेजमेंट पर लगाया साजिश का आरोप

PHOTON NEWS BOKARO : आवास बचाओ संघर्ष समिति बोकारो के बैनर तले बोकारो स्टील कंपनी के रिटायर्ड कर्मचारी सोमवार को सामूहिक एक दिवसीय भूख हड़ताल पर बैठे। इस दौरान कर्मचारियों ने कहा कि कंपनी प्रबंधन उनकी मांगों को पूरा नहीं करेगा, तो वे आत्मदाह कर लें। सेक्टर-12 निवासी रिटायर्ड बीएसएल कर्मियों ने कहा कि बोकारो स्टील प्रबंधन ने उनके सेक्टर में जर्जर घोषित किए गए क्वार्टरों से लोगों को निकालने का निर्देश जारी किया है।

धरना के दौरान नारेबाजी करते सेवानिवृत्त कंपनी कर्मचारी • फोटोन न्यूज

संघर्ष समिति के सदस्यों का कहना है कि यह बोकारो स्टील प्रबंधन का हमारे साथ भेदभाव वाला रवैया है। कंपनी प्रबंधन ने अन्य सेक्टरों में आवास मरम्मत का काम पूरा लिया है, लेकिन हमारे सेक्टर में मरम्मत कराने की बजाए हमें क्वार्टर से निकालने की साजिश रच रहा है। धरना पर बैठे सेवानिवृत्त कर्मचारी यमुना राम ने कहा कि हम किसी कीमत पर अपने क्वार्टर से नहीं निकलेंगे। यदि हमें बाध्य किया गया, तो आत्मदाह कर लेंगे। हम लोग प्रबंधन की साजिश का शिकार नहीं बनेंगे। हमलोगों के साथ आखिर भेदभाव क्यों किया जा रहा है, सह समझ से परे हैं। यदि कंपनी प्रबंधन हमारी मांगों को नहीं मानेगा तो हमलोग अधिकारियों के घर का घेराव करेंगे। हम भी देखेंगे कि कंपनी प्रबंधन क्या करता है। उसके सुरक्षाबल हम पर कितना जुल्म करेंगे, हम सामना करने के लिए तैयार हैं।

जर्जर आवासों को गिराया जाएगा : प्रबंधन

इस संबंध में बोकारो स्टील कंपनी प्रबंधन के सूचना प्रमुख देव कुमार धान ने कहा कि प्रबंधन द्वारा जितने भी जर्जर क्वार्टर हैं, उनको गिराया जाएगा। इसीलिए उन क्वार्टरों में रहने वालों को खाली करने का नोटिस दिया गया था। कंपनी प्रबंधन उनसे आग्रह कर रहा है कि वे जल्द से जल्द आवास खाली कर प्रबंधन का सहयोग करें।

अपराधियों ने बैंक में डकैती के लिए गार्ड पर की फायरिंग

GODDA : बैंक ऑफ इंडिया की केंचुआ चौक, महागामा शाखा में सोमवार को दिनदहाड़े हथियारबंद अपराधियों ने डकैती का प्रयास किया गया। हालांकि बैंक के निजी सुरक्षा गार्ड की सतर्कता के कारण अपराधी अपने मंसूबे में सफल नहीं हो सके। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना लगभग सुबह 11.30 बजे की है। हेलमेट और मास्क पहने करीब पांच से छह अपराधी बैंक परिसर में पहुंचे। एक व्यक्ति हेलमेट पहनकर बैंक के अंदर प्रवेश किया। गेट पर तैनात निजी सुरक्षा गार्ड विनोद सिंह ने उससे हेलमेट हटाने को कहा, जिस पर वह उलझ गया। देखते ही देखते दोनों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इसी दौरान अपराधी ने गार्ड पर गोली चला दी, जो उनके बाएं कंधे में जा लगी। गोली लगते ही गार्ड जमीन पर गिर पड़े। गोली चलने की आवाज से बैंक परिसर में अफरा-तफरी मच गई और ग्राहक सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। स्थिति बिगड़ती देख अपराधी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही महागामा थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। बाद में एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद भी पहुंचे और घायल गार्ड को तत्काल रेफरल अस्पताल, महागामा पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने एक्स-रे जांच कराई, जिसमें गोली बाएं कंधे में फंसी पाई गई।

पलामू में बुजुर्ग की धारदार हथियार से कर दी हत्या, जांच में जुटी पुलिस

AGENCY PALAMU : श्राद्ध का भोज खाने गए एक बुजुर्ग की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। उसका शव दो दिन बाद सोमवार को जंगल से बरामद किया गया। घटना पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के सेवती डाक बंगला के समीप पदमा जाने वाली सड़क से सटे कुसुमटाड़ जंगल में हुई। शव का पोस्टमार्टम एमएमसीएच में कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक की पहचान आर्का पंचायत के काजी पकरी निवासी राजदेव महतो (70) के रूप में हुई है। इस संबंध में पत्नी दुलारी देवी के बयान पर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। थाना प्रभारी आनंद राम ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि पुलिस जांच तेज है।



पत्नी के अनुसार 27 फरवरी की रात में गांव में गोतिया के यहां श्राद्ध का भोज खाने के लिए पति-पत्नी दोनों गए थे। राजदेव ने शराब पी रखी थी। रात को पत्नी घर आ गई। उसे लगा कि कुछ देर बाद राजदेव भी लौट जाएंगे, लेकिन वे नहीं लौटे। उनकी खोजबीन शुरू की गई, लेकिन कहीं कोई अता-पता नहीं चल पा रहा था। सोमवार को इस संबंध में थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करने की तैयारी थी। इसी बीच सुबह में घर से कुछ दूर आगे कुसुमटाड़ जंगल में दुर्गंध आने पर लोगों ने देखा कि एक शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। राजदेव के परिजन भी ढूंढते हुए मौके पर आए। शव की पहचान की गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। राजदेव के चेहरे पर तेज धारदार हथियार से वार करने के निशान मिले हैं। पुलिस हत्या मानकर अनुसंधान कर रही है। थाना प्रभारी आनंद राम ने बताया कि मृतक की पत्नी ने अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है। अनुसंधान कर मामले को स्पष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। हत्या का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हुआ है।

रामगढ़ में ट्रांसफॉर्मर से टकराए सांड, चिंगारी से कई दुकानों में लगी आग

RAMGARH : शहर में आवारा घूमते सांड लगातार आफत मचा रहे हैं। सोमवार को होलिका दहन मैदान में दो सांड आपस में लड़ते हुए बिजली के ट्रांसफार्मर से टकरा गए, जिससे निकली चिंगारी पास की झोपड़ी नुमा दुकानों में आग लग गई। घटना में कई दुकानें जलकर खाक हो गईं और हजारों रुपए का नुकसान हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दो सांड मैदान में लड़ रहे थे और इस दौरान ट्रांसफार्मर के पोल से टकरा गए। टकराव के कारण ट्रांसफार्मर में तेज आवाज हुई और चिंगारी झोपड़ीनुमा दुकानों पर गिर गई। आग ने मुंशी होटल, रोशन ढुसका और आसपास की कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत आग पर काबू पाने का प्रयास किया। हालांकि, आग लगने से कई दुकानों का सामान जलकर नष्ट हो गया और दुकानदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

बच्चा चोर के शक में ग्रामीणों ने कर दी युवक की पिटाई

KODERMA : जिले में इन दिनों बच्चा चोर की शक में अज्ञात लोगों को पड़कर पिटाई करने के कई मामले सामने आ चुके हैं। ऐसा ही एक मामला सोमवार की तड़के सुबह तिलैया थाना क्षेत्र के मोरियावां गांव से सामने आया है। जहां ग्रामीणों ने बच्चा चोर समझकर एक युवक को बांधकर उसकी पिटाई कर दी। घटना की जानकारी देते हुए मोरियावां के पूर्व वार्ड पार्षद बलराम यादव ने बताया कि सोमवार की सुबह जब गांव के लोग टहलने निकले थे, तो देखा कि एक अज्ञात युवक अलग-अलग घरों में ताक झांक कर रहा है। जिस पर उन्हें संदेह हुआ और उन्होंने शोर मचाकर ग्रामीणों को वहां इकट्ठा कर लिया। इसके बाद ग्रामीण उस अज्ञात युवक को पकड़ पूछताछ करने लगे। युवक ने कुछ भी साफ-साफ नहीं बताया। जिस पर ग्रामीण उग्र हो गए। ग्रामीणों ने जब उनसे कठोरता से पूछताछ की तो उक्त युवक ने बताया कि वह झुमरीतिलैया के वार्ड 1 स्थित नरेश नगर का रहने वाला है। हालांकि उसने अपना नाम नहीं बताया। इसके बाद ग्रामीणों द्वारा इस मामले की जानकारी तिलैया पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उस अज्ञात युवक को पकड़ कर अपने साथ थाना ले आई।

इधर थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि जांच में पता चला कि वह मानसिक रूप से विक्षिप्त है। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति को देखने पर तुरंत थाना को सूचना दें। कोई भी व्यक्ति किसी के साथ मारपीट न करें, यह कानूनन अपराध है।

प्रेस क्लब के होली मिलन में जमकर उड़े अबीर-गुलाल

CHATRA : द प्रेस क्लब, चतरा की ओर से जिला मुख्यालय के गन्दौरी मंदिर के समीप सोमवार को जलछाजन परिसर में स्थित कार्यालय में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चतरा जिला मुख्यालय सहित विभिन्न प्रखंड से काफी संख्या में पत्रकारों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम द प्रेस क्लब, चतरा के अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह, उपाध्यक्ष परमानंद आर्य और सचिव जितेंद्र तिवारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों के बीच आपसी सौहार्द, एकजुटता और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। इसके बाद उपस्थित पत्रकार बंधुओ ने एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। मौके पर पत्रकार नौशाद आलम, चंद्रेश शर्मा, सत्येंद्र

मित्तल, नवीन पाण्डेय समेत अन्य के होली के पारंपरिक गीत और गायन से उपस्थित लोगों को प्रभावित किया। वहीं कार्यक्रम में होली के गीतों पर मौजूद पत्रकार जमकर थिरके। पत्रकार ठाकुर धीरेंद्र प्रसाद, संजय सिंह, हरिओम, अभिमन्यु सिंह, प्रदीप कुमार वर्मा सहित अन्य ने कहा कि पत्रकारिता की चुनौतियों, जिम्मेदारियों और समाज में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अपने साथियों के साथ होली की खुशियां मनाना एक अद्भुत पल है।

झारखंड के चतरा में टायर फटने से स्लीपर बस पलटी, 12 यात्री घायल

AGENCY CHATRA : बिहार के गयाजी जिले के डुमरिया से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर जा रही एक स्लीपर बस झारखंड के चतरा जिले में अनियंत्रित होकर पलट गई। यह हादसा चतरा-डोभी मुख्य मार्ग पर मोरैंवा टोल प्लाजा से करीब एक किलोमीटर पहले एनएच-22 पर हुआ। बस (सीजी 13 क्यू 0805) का अगला टायर अचानक फटने से दुर्घटना हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस तेज रफ्तार में थी। बस में सफर कर रहे यात्री अनुज कुमार ने बताया कि घाटी क्षेत्र में पहुंचते ही बस का अगला टायर ब्लास्ट कर गया, जिसके बाद चालक बस पर नियंत्रण नहीं रख सका और बस सड़क किनारे पलट गई। हादसे में करीब 12 यात्री घायल हो गए। कई यात्रियों के हाथ-पैर में फ्रैक्चर

घटनास्थल पर पलटी बस व सड़क पर यात्री

की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, इस हादसे में किसी यात्री की मौत नहीं हुई है। गंभीर रूप से घायल पांच यात्रियों को चतरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि एक घायल को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया है। घायलों की पहचान जहानाबाद निवासी राकेश कुमार, गयाजी जिले के वजीरगंज निवासी रंधीर कुमार, डुमरिया के संजीत कुमार, चतरा के सुजीत कुमार, बगरा के कमलेश कुमार और जोरी के अमृत कुमार के रूप में हुई है।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस के जरिए चतरा सदर अस्पताल भेजा गया। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना।

हाथी प्रभावित क्षेत्र में सभी को दिए जाएंगे पक्के मकान बनेगा मल्टीपर्पस भवन

HAZARIBAG : जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के न्यास परिषद की बैठक सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें सांसद मनीष जायसवाल, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बरही विधायक मनोज कुमार यादव, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी, मांडू विधायक निर्मल महतो एवं उपविकास आयुक्त रिया सिंह सहित कई वरीय पदाधिकारी, मुखिया एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे। बैठक में हाथी प्रभावित क्षेत्रों में आम लोगों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक कदम उठाने को लेकर गंभीर रूप से विचार विमर्श किया गया। जिस पर उपायुक्त ने कहा कि हाथी प्रभावित क्षेत्रों में कच्चे मकानों में रहने वाले लोगों को पक्के मकान में शिफ्ट किया जाएगा। इन क्षेत्रों में मल्टीपरपस हॉल का निर्माण कराया जाएगा, जिसका इस्तेमाल लोगों को हाथियों के आक्रमण से बचाने के लिए किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि हाथी प्रभावित क्षेत्र के लोगों एवं खनन प्रभावित व्यक्ति जिन्हें आवास नहीं मिला हैं उन्हें जांचोपरांत आवास देने के लिए आवश्यक प्रक्रिया की जा रही है। शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे एवं हाईमास्ट लाइट लगाने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। एनटीपीसी द्वारा बड़कागांव प्रखंड के ढेंगा में निर्मित भवन में आवासीय विद्यालय का संचालन किए जाने का निर्णय लिया गया। इस विद्यालय में सीबीएसई बोर्ड के तहत पठन पाठन का कार्य किया जाएगा। आवासीय स्कूल में विस्थापित परिवारों के बच्चों को भी पढ़ने की अनुमति दी जाएगी। बैठक में बताया गया कि सभी प्रखंडों में बनने वाली लाइब्रेरी के लिए डीपीआर तैयार कर ली गई है। बैठक में डीएमएफटी मद द्वारा क्रियान्वित योजनाओं एवं पूर्व की न्यास परिषद के बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा और नए योजनाओं की स्वीकृति पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी ने डीएमएफटी मद द्वारा विभिन्न विभागों के अंतर्गत क्रियान्वित एवं संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को खराब पड़े चापानलो का सर्वे कराते हुए मरम्मती कराने एवं आवश्यक पेयजल सुविधा बहाल करने का निर्देश दिया गया।

प्रशासन | अधूरी रह गई बोर्ड की बैठक, सदस्यों ने कई ज्वलंत मुद्दों पर डीडीसी का आकृष्ट कराया ध्यान

सीईओ ने कहा- सीएस को हथौड़ा से मारें क्या, भड़के जिप सदस्य

PHOTON NEWS DHANBAD : जिला परिषद के बोर्ड की बैठक सोमवार को अधूरी रह गई। जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (सीईओ)- सह- उपविकास आयुक्त सन्नी राज एक जरूरी मीटिंग होने के कारण बोर्ड बैठक से चले गए। इसके बाद बैठक ही समाप्त हो गई। वहीं इससे पहले सदस्यों के सवाल पर डीडीसी ने कहा कि क्या सीएस को हथौड़ा से मारें, इस पर सदस्य काफी नाराज हो गए।

बीच बचाव करते हुए जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि मारने की बात नहीं है, लेकिन सीएस ने जो गलती की है, उसकी लिखित जानकारी दें।

उनसे जो जवाब मांगा जा रहा है, उसे जिला परिषद को उपलब्ध कराना चाहिए। निरसा की जिला परिषद सदस्य पिंकी मरांडी ने बताया कि बेनागड़िया-1 में स्वास्थ्य केंद्र निर्माण को लेकर शिलान्यास किया गया था।

बाद में इसे दूसरे जगह स्थानांतरित कर निर्माण कार्य शुरू किया गया। जबकि इस स्थानांतरण संबंधी कोई भी जानकारी सिविल सर्जन की ओर से नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि सरकारी दस्तावेजों में कलियासोल और एगयारकुंड नए प्रखंड हैं। जबकि, स्वास्थ्य विभाग इसे अब भी निरसा प्रखंड में मानता है। इसी मामले के सवाल पर सीईओ ने गलत तरीके से बात कह दी थी।

बैठक में अपनी बात रखता जिला परिषद का सदस्य

नवजात की खुशी में मांगे जाते रुपये

टुंडी की जिला परिषद सदस्य जेबा मोनिसेंट मरांडी ने एसएनएमएमसीएच समेत सभी सरकारी अस्पतालों में अव्यवस्था का मामला उठाया। उन्होंने बताया कि एसएनएमएमसीएच में बच्चा होने पर प्रसूता से 5000 रुपये और लड़की होने पर 4000 रुपये की मांग की जाती है। यह तब है, जब अस्पताल में साफ-सफाई नहीं है। चिकित्सक नहीं बैठते और तकनीकी सामानों की घोर कमी है।

ब्लैकलिस्टेड ठेकेदार को दिया गया काम

गोविंदपुर की जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी मुर्मू ने बताया कि घटिया सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार को जिला परिषद की ओर से दोबारा काम दिया जा रहा है। जबकि, उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी। उन्होंने सीधे तौर पर जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह पर मनमानी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब अध्यक्ष और उपाध्यक्ष कोई कार्रवाई नहीं कर सकते, तो उन दोनों का पद पर बने रहने का कोई औचित्य नहीं है।

विधायक ने भी उठाया पेयजल का मुद्दा

बैठक में शामिल विधायक राज सिन्हा समेत तमाम सदस्यों ने गर्मी के दौरान पेयजल समस्या का मुद्दा उठाया। सिन्हा ने कहा कि मुनीडीह में गोपीनाथडीह जलापूर्ति योजना चल रही है। इसका कनेक्शन वहां कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी को दिया गया है। यह कैसे हुआ इसकी जांच होनी चाहिए। इसके अलावा गर्मी को देखते हुए चापाकल मरम्मति, नाला निर्माण के काम पर उन्होंने जोर दिया।

बांस पर झूल रहे बिजली के तार

जिला परिषद सदस्य स्वाति ने कहा कि खरनी के चुटियारो, सैंड्रीया समेत तमाम गांव में बिजली के पोल तो गाडे गए हैं, लेकिन तार नहीं लगाए गए हैं। पूरे गांव में बिजली के तार बांस पर झूल रहे हैं। घर के बगल में ही ट्रांसफर्मर लगाया गया है। इससे जान-माल का खतरा है। बड़ा पिछड़ी में डीएमएफटी फंड से पीसीसी सड़क का निर्माण हो रहा है। इसमें काफी अनियमितता बरती जा रही है। उन्होंने इन मामलों पर कार्रवाई की मांग की।

> बोर्ड की बैठक अधूरी रह गई। होली के बाद यह बैठक फिर होगी। इस बार बैठक में दुकान आवंटित करने, विवाह भवनों का रेट कम करने समेत तमाम योजनाओं पर चर्चा हुई।
>
> – शारदा सिंह, अध्यक्ष, जिला परिषद

लीज पर दी जाएगी बीएसएस कॉलेज व निरीक्षण भवन की जमीन

DHANBAD : जिला परिषद की बोर्ड बैठक में दो महत्वपूर्ण मामलों पर निर्णय लिया गया। बेकारबांध स्थित निरीक्षण भवन और बीएसएस कॉलेज की जमीन लीज पर देने पर सहमति बनी। इस संबंध में जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने बताया कि निरीक्षण भवन का रखरखाव नहीं हो पा रहा है। लीज पर दिए जाने के बाद इसकी स्थिति में सुधार होगा और इसका उपयोग हो सकेगा। वहीं बीएसएस कॉलेज की छात्राओं की पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए जमीन को कॉलेज को लीज पर दिया जाना है। इसके लिए कॉलेज प्रबंधन के साथ बैठक कर एक न्यूनतम भाड़ा निर्धारित किया जाएगा।

BRIEF NEWS

सचिवालय में छाया होली का रंग

RANCHI : झारखंड सचिवालय में सोमवार को होली का उल्लासपूर्ण माहौल देखने को मिला। कार्यालयों में कामकाज के साथ-साथ त्योहार की खुशियां भी झलकती रहीं। कर्मचारी और पदाधिकारी एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई देते नजर आए। दोपहर बाद विभिन्न विभागों में सहकर्मियों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहा। कई जगहों पर कर्मचारियों ने आपसी मेल-मिलाप के साथ त्योहार की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया। माहौल पूरी तरह सकारात्मक और उत्साह से भरा रहा। शाम में कामकाज निबटा कर बिहार जाने वाले कर्मी जल्दी निकल गए।

श्याम बाबा महोत्सव में गूंजे भजन, खेली गई फूलों की होली

RANCHI : केशव कृपा छाया फाउंडेशन की ओर से बरियातू स्थित आरोग्य भवन (कोठी नंबर-13) में सोमवार को श्याम बाबा महोत्सव सह बसंतोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान फाउंडेशन के अध्यक्ष मीरा अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित भजन संध्या में श्रद्धा और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। बसंतोत्सव के अवसर पर पुष्पों और गुलाल से होली खेली गई। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया। रंगों की फुहार और भजनों की गूंज से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और उत्सवी हो गया। कार्यक्रम की शुरूआत श्याम बाबा की पूजा-अर्चना और मंगलाचरण के साथ हुई। इसके बाद भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक श्याम भजन प्रस्तुत किए, जिस पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। पूरा परिसर भक्ति रस में डूबा नजर आया।

मारवाड़ी सम्मेलन ने डंडा रोपण के साथ किया होलिका दहन

RANCHI : झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से मारवाड़ी समाज ने सोमवार को रांची में पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ डंडा रोपण, ठंडी होली पूजन के साथ होलिका दहन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि महिलाओं ने राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा, विशेषकर रंग-बिरंगी ओढ़नी धारण कर विधि-विधानपूर्वक डंडा रोपण की रस्म निभाई। इसके बाद ठंडी होली की पूजा श्रद्धा और भक्ति भाव से की गई। पारंपरिक गीतों के साथ परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की गई। उन्होंने बताया कि तीन मार्च की सुबह लगभग पांच बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका दहन किया गया। श्रद्धालुओं ने अग्नि की परिक्रमा कर सुख-शांति और सकारात्मक जीवन का संकल्प लिया।

होली पर रांची के अस्पताल अलर्ट मोड में, इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे रहेंगी चालू

अस्पताल प्रबंधन ने इमरजेंसी सेवाओं को पूरी तरह सक्रिय रखने का लिया निर्णय

- इमरजेंसी वार्ड में पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों और नर्सों की हुई है तैनाती
- ब्लड बैंक को अतिरिक्त रक्त उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि दुर्घटना या अन्य गंभीर मामलों में रक्त की कमी न हो
- होली के दौरान सड़क दुर्घटनाओं, झुलसने, आंखों में जलन, त्वचा संक्रमण और अन्य आपात स्थितियों के बढ़ सकते हैं मामले

PHOTON NEWS RANCHI : होली के दौरान संभावित दुर्घटनाओं और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को देखते हुए राजधानी रांची के अस्पताल अलर्ट मोड में हैं। अस्पताल प्रबंधन ने इमरजेंसी सेवाओं को पूरी तरह सक्रिय रखने का निर्णय लिया है, जिससे कि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को तुरंत इलाज मिल सके।

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, इमरजेंसी वार्ड में पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों और नर्सों की तैनाती की गई है। गंभीर मामलों से निपटने के लिए आवश्यक दवाइयों और जीवनरक्षक उपकरणों की व्यवस्था पहले से कर ली गई है। साथ ही ब्लड बैंक को अतिरिक्त रक्त उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि दुर्घटना या अन्य गंभीर मामलों में रक्त की कमी न हो।

होली के दौरान रंगों के अत्यधिक उपयोग और नशापान से जुड़ी घटनाओं की आशंका को देखते हुए डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई गई है। प्रशासन का मानना है कि इस दौरान सड़क दुर्घटनाओं, झुलसने, आंखों में जलन, त्वचा संक्रमण और अन्य आपात स्थितियों के मामले बढ़ सकते हैं।

सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने सोमवार को बताया कि होली के दिन इमरजेंसी सेवाएं पूरी तरह चालू रहेंगी, जबकि ओपीडी सेवाएं बंद रहेंगी। वहीं राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के डॉ. राजीव रंजन ने भी जानकारी दी कि रिम्स में होली के अवसर पर इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी, लेकिन ओपीडी को 4 मार्च के लिए बंद रखा गया है। इसी तरह सदर अस्पताल रांची में भी 4 मार्च को ओपीडी सेवाएं बंद रहेंगी। हालांकि, मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इमरजेंसी वार्ड पूरी तरह क्रियाशील रहेगा। अस्पताल प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए डॉक्टर, नर्स और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को ड्यूटी पर तैनात किया गया है।

दरअसल,होली के दौरान कई लोग नशे की हालत में वाहन चलाते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावा केमिकल युक्त रंगों के कारण त्वचा संबंधी समस्याएं, आंखों में जलन या संक्रमण की शिकायतें सामने आती हैं। वहीं, होलिका दहन के दौरान लापरवाही बरतने से झुलसने की घटनाएं भी होती हैं।

उक्त सभी संभावित खतरों को देखते हुए ही रांची के अस्पतालों ने व्यापक तैयारियां की हैं, ताकि त्योहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई जा सके।

रांची नगर निगम की ओर से जारी की गई सख्त चेतावनी

निर्माण सामग्री अवैध रूप से डंप करने पर कार्रवाई के लिए रहें तैयार

घर या प्रतिष्ठान के बाहर छोड़ा तो मालिक से वसूले जाएंगे उठाने के पैसे

एन्फोर्समेंट टीम को फाइन भी लगाने का दिया गया है आदेश

PHOTON NEWS RANCHI : अगर आप भी रांची नगर निगम क्षेत्र में रहते है और घर या प्रतिष्ठान के बाहर बिल्डिंग वेस्ट मैटेरियल रखने की आदत है तो इसे तत्काल बदल डालिए। ऐसा नहीं करने पर रांची नगर निगम आप पर कार्रवाई करेगा। इतना ही नहीं, वेस्ट उठाकर ले जाने का चार्ज भी वसूलेगा। इसके अलावा फाइन लगाई जाएगी सो अलग। रांची नगर निगम ने इसे लेकर नोटिस जारी कर दिया है। शहर के सभी बिल्डरों, ठेकेदारों और नए निर्माण कार्य कर रहे भवन मालिकों को सख्त चेतावनी दी है कि वे निर्माण कार्य के दौरान निकले सीएनडी वेस्ट (निर्माण एवं ध्वस्तीकरण अपशिष्ट) को केवल निगम द्वारा चिह्नित स्थानों पर ही डंप करें। अगर कोई व्यक्ति या संस्था इन नियमों का उल्लंघन करती है और निर्धारित स्थलों के अलावा अन्य किसी स्थान पर निर्माण सामग्री डंप करती है तो उसके खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

शहर की स्वच्छता व सार्वजनिक सुविधाओं की सुरक्षा के लिए उठाया गया कदम

कहीं भी डंप करने पर प्रतिबंध

नगर निगम की ओर से जारी नोटिस में ये भी कहा गया है कि मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों, खाली भूखंडों, नालियों, निर्माणाधीन भवनों के बाहर या किसी अन्य सार्वजनिक स्थान पर निर्माण सामग्री डंप करना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। नोटिस में ये भी कहा गया है कि यदि कोई व्यक्ति, संस्था या बिल्डर इन चिन्हित स्थलों के अलावा कहीं भी सीएनडी वेस्ट डंप करता हुआ पाया जाता है, तो उसके खिलाफ भारी जुमार्ना, सामग्री की जब्ती और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह कदम शहर की स्वच्छता और सार्वजनिक सुविधाओं की सुरक्षा के लिए उठाया गया है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि रांची नगर निगम शहर की स्वच्छता, यातायात व्यवस्था और सार्वजनिक सुविधाओं को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि को सहन नहीं करेगा। उन्होंने सभी बिल्डरों और निर्माणकताओं से यह अनुरोध किया कि वे निगम द्वारा निर्धारित स्थानों पर ही अपशिष्ट डंप करने का पालन करें और शहर की सुंदरता और सफाई को बनाए रखने में मदद करें।

शहर में दो जगहों को किया गया चिह्नित : रांची नगर निगम ने शहर में दो स्थानों को चिन्हित किया है। जहां पर सीएनडी वेस्ट को डंप करना वैध होगा। ऐसे में लोग खुद से वहां गाड़ियों के माध्यम से सीएनजी वेस्ट को लाकर जमा कर सकते है। इसमें एक जगह नागा बाबा खटाल के पास स्थित एमआरएफ केंद्र के समक्ष और दूसरी जगह ट्रेकर स्टैंड के पास स्थित एमआरएफ केंद्र के समक्ष है। अगर आप चाहें तो इसकी सूचना निगम को भी दे सकते हैं। इसके बाद सीएनडी वेस्ट का उठाव कर लिया जाएगा। लेकिन, गाड़ी का खर्च मालिक को वहन करना होगा। इससे कि निगम की कार्रवाई से बच सकते हैं।

रांची में फोरलेन समेत चार बड़ी सड़क परियोजनाएं समय-सीमा से पीछे, काम में तेजी लाने का निर्देश

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी रांची में राज्य योजना मद से संचालित चार अहम सड़क परियोजनाओं की रफ्तार सुस्त पड़ गई है। तय समय-सीमा के मुकाबले कार्य प्रगति काफी पीछे रहने पर विभाग ने सख्ती दिखाते हुए एजेंसियों को काम में तेजी लाने का निर्देश दिया है। साथ ही नियमित मॉनिटरिंग और जवाबदेही तय करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। नेवरी स्थित विकास विद्यालय (रांची रिंग रोड) से बूटी मोड़, कोकर चौक, कांटाटोली होते हुए नामकुम आरओबी तक प्रस्तावित 15.214 किलोमीटर सड़क के चौड़ीकरण और फोर लेन निर्माण का कार्य अब तक करीब 79 प्रतिशत ही पूरा हो पाया है। पुल निर्माण और चौड़ीकरण का काम जारी है, लेकिन, निर्धारित समयसीमा की तुलना में प्रगति धीमी मानी जा रही है। इस मार्ग पर रोजाना हजारों वाहनों की आवाजाही होती है, जिससे अधूरे कार्य के कारण जाम और धूल की समस्या बनी हुई है।

बरियातु-बोरिया मार्ग पर केवल 28% कार्य : बरियातु (एमडीआर-004) से लेम, बरगाईं और बोरिया तक 3.750 किलोमीटर सड़क परियोजना में महज 28 प्रतिशत कार्य ही पूरा हुआ है। योजना की समयसीमा पहले ही समाप्त हो चुकी है। एप्रोच रोड और अंतिम फिनिशिंग कार्य लंबित है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है।

तय होगी जवाबदेही

सूत्रों के अनुसार, परियोजनाओं की सुस्त रफ्तार को लेकर विभाग ने इंजीनियरों और एजेंसियों को निर्धारित अवधि में सुधार नहीं करने का निर्देश दिया है। विभाग का कहना है कि गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा और नियमित समीक्षा बैठकों के जरिए परियोजनाओं को शीघ्र पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है। राजधानी की यातायात व्यवस्था और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए इन सड़कों का समय पर निर्माण बेहद अहम माना जा रहा है।

दुबई में फंसे हैं रांची के 90 लोग वतन वापसी की लगा रहे गुहार

- वीडियो के माध्यम से बताई पूरी कहानी, बम के धमाकों की सुनाई दे रही आवाज

PHOTON NEWS RANCHI : इजरायल-ईरान टकराव के बीच दुबई में रांची के दर्जनों लोग फंस गए हैं। वहां से उन्हें भारत आने की फ्लाइट नहीं मिल रही है। अब वहां फंसे लोगों ने वीडियो जारी कर भारत सरकार से वतन वापसी की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि फिलहाल वे लोग एक होटल में है। जहां उनकी पूरी टीम है। बस सरकार किसी तरह उन्हें भारत लाने की व्यवस्था करे।

परिजनों को भेजा वीडियो वीडियो में सोनू नामक व्यक्ति बता रहा है कि 24 फरवरी को रांची से दुबई वे लोग गए थे। 90 लोगों की पूरी टीम थी। इसके बाद 28 फरवरी को अबुधाबी से उनकी फ्लाइट थी कोलकाता के लिए। एयरपोर्ट जा रहे थे। वहां पहुंचने के बाद बम के धमाके होने लगे। तत्काल एयरपोर्ट बंद कर दिया गया। हमलोगों को किसी तरह बस से वापस दुबई लाया गया। फिलहाल हमलोगों को एक होटल में रखा गया है। लेकिन रुक-रुक कर बम के धमाकों की आवाज सुनाई दे रही है। जिससे हमें डर लग रहा है। भारत सरकार से उन्होंने गुहार लगाई है कि यहां से सुरक्षित निकालने का उपाय करे।

नयासराय मारपीट कांड में 12 गिरफ्तार पुलिस ने हथियार व वाहन किए बरामद

PHOTON NEWS RANCHI : रांची के विधानसभा थाना क्षेत्र स्थित नयासराय में मारपीट और फायरिंग की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना में प्रयुक्त एक फोल्डेबल राइफल, एक देशी पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, एक खाली मैगजीन, दो स्कॉर्पियो, एक फॉर्च्यूनर, एक बुलेट मोटरसाइकिल और 12 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। घटना 28 फरवरी 2026 की रात की है, जब थाना प्रभारी को गांव में लड़ाई-झगड़े की सूचना मिली। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पाया कि जाकिर अंसारी और उनके पुत्र के साथ कुछ आपराधिक प्रवृत्ति के लोग मारपीट कर रहे थे। घटना में जाकिर अंसारी के पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज एस्टन हॉस्पिटल दलादली में चल रहा है। इस संबंध में जाकिर अंसारी के आवेदन पर विधानसभा थाना कांड संख्या 21/26 दर्ज किया गया था। जिसमें 30 नामजद और 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

इनकी हुई गिरफ्तारी : छोटू खलखो, कुलदीप खलखो, बबलू कुजूर, शुभम प्रजापति उर्फ मित्तल प्रजापति, कमलेश महली, चंदन टोप्पो, राज किशोर उरांव, प्रदीप लोहार, सुमित कुमार सिंह, मुकेश कुमार, रवि कुमार, दिलजन मुण्डा।

होली पर्व को लेकर कांके थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

PHOTON NEWS RANCHI : सोमवार को कांके थाना परिसर मे होली पर्व को लेकर कांके अंचलाधिकारी अमित भगत की अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक की गई। मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने अपने अपने विचार रखे ओर होली पर्व को शांति, सौहार्द और हर्षोल्लास के साथ मनाने की बात कही। कांके उप प्रमुख अंजय बैठा ने आपसी भाईचारे को और मजबूत करने ओर किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने पर जोर दिया। थाना प्रभारी प्रकाश रजक ने बताया कि पर्व के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और शांति भंग करने वाली किसी भी गतिविधि पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। बैठक में मुख्य रूप से एसआई कफील अहमद,आमीर अंसारी,प्रवीण रजक,अरविंद कुमार,राजकुमार तिग्गा,अमित कुमार,समनूर मंसूरी, प्रभात भूषण, सज्जाद अंसारी, बीरेंद्र तिवारी, इम्तियाज अहमद सहित अन्य मौजूद थे।

एक्शन

वित्तीय पारदर्शिता को लेकर पंचम राज्य वित्त आयोग ने अपनाया सख्त रुख

मनरेगा खर्च और सोशल ऑडिट पर वित्त आयोग ने मांगी रिपोर्ट

PHOTON NEWS RANCHI : राज्य में ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन और वित्तीय पारदर्शिता को लेकर पंचम राज्य वित्त आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग की समीक्षा में सबसे ज्यादा फोकस महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत हुए खर्च, सामग्री आपूर्ति और कर कटौती के ब्योरे पर है। सूत्रों के अनुसार, आयोग वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक जिलावार इम्पैनल्ड मटेरियल सप्लायर्स की संख्या, उनके द्वारा की गई सामग्री आपूर्ति का कुल मूल्य और भुगतान की वास्तविक स्थिति की गहन पड़ताल कर रहा है। खास तौर पर जीएसटी और आयकर मद में की गई टीडीएस कटौती, उसकी जमा स्थिति और कहीं कोई अनियमितता तो नहीं हुई- इसे विस्तार से खंगाला जा रहा है। सोशल ऑडिट को भी समीक्षा के केंद्र में रखा गया है। आयोग यह जानना चाहता है कि अंतिम बार सोशल ऑडिट कब हुआ, उसमें किन बिंदुओं पर आपत्तियां दर्ज की गईं और उन पर विभाग ने क्या कार्रवाई की। लंबित आपत्तियों और जवाबदेही की स्थिति पर भी स्पष्ट रिपोर्ट मांगी गई है। इसके अलावा योजनाओं में नवाचार, सफलता की कहानियां और राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर मिले पुरस्कारों का ब्योरा भी तलब किया गया है। वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट के तहत ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की भूमिका, उत्पादों के बाजार विस्तार और आजीविका सृजन के प्रयासों की भी समीक्षा की जा रही है।

संसाधनों का उपयोग पारदर्शी और प्रभावी तरीके से हो

आयोग का जोर इस बात पर है कि पंचायत स्तर तक संसाधनों का उपयोग पारदर्शी और प्रभावी तरीके से हो। संकेत मिल रहे हैं कि वित्तीय अनुशासन, विभागीय समन्वय और कर अनुपालना को लेकर आगे सख्त दिशा-निर्देश जारी हो सकते हैं। ग्रामीण योजनाओं में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए यह समीक्षा अहम मानी जा रही है।

उपायुक्त ने 18 सेवानिवृत्त शिक्षकों और दो कर्मियों को दी विदाई

RANCHI : जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में पेंशन दरबार सह सेवा-निवृत्ति विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने 18 सेवानिवृत्त शिक्षकों और सदर अनुमंडल तथा जिला राजस्व शाखा के दो कर्मियों को सम्मानित कर विदाई दी। इस मौके पर उन्होंने सभी को शॉल ओढ़ाकर, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन, ग्रेच्युटी, लीव एनकैशमेंट सहित सभी पेंशनरी लाभ वितरित किए गए। उपायुक्त ने कहा कि शिक्षक समाज की नींव हैं और उनकी सम्मानजनक विदाई प्रशासन की प्राथमिकता है।

रातू के पाली इलाके में हाथी ने मचाया उत्पात, एक को कुचलकर मार डाला

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी रांची में एक बार फिर जंगल से भटका हाथी रिहायशी इलाकों में पहुंच गया है। तीन दिन पहले हटिया क्षेत्र में दिखाई देने वाला हाथी अब रातू इलाके के पाली गांव और आसपास के जंगलों में देखा गया। सुबह के समय जंगल किनारे हाथी को घूमते हुए देखा गया, जिसके बाद इसकी सूचना तुरंत वन विभाग को दी गई थी। बाद में पाली इलाके में हाथी ने जमकर उत्पात मचाना शुरू कर दिया। हाथी ने सुबोध खलखो नामक व्यक्ति को कुचलकर मार डाला है, जबकि रोशन खलखो गंभीर रूप से घायल है। घायल व्यक्ति का इलाज जारी है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहू का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथी को जल्द से जल्द जंगल की ओर खदेड़ने की मांग की है।



- एक अन्य व्यक्ति को भी किया घायल, इलाके में दहशत का माहौल
- ग्रामीणों ने की वन विभाग से हाथी को जल्द से जल्द जंगल की ओर खदेड़ने की मांग

भीड़ न लगाने की अपील

वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर लगातार निगरानी कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि हाथी के मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है और उसे सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर वापस भेजने की तैयारी की जा रही है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे हाथी के करीब जाने की कोशिश न करें, भीड़ न लगाएं।

परीलोक में तब्दील हुआ जुबिली पार्क एक साथ जगमगाए 20.5 लाख एलईडी

टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने जुबिली पार्क में ठीक 6 बजे दबाया बटन, परीलोक में तब्दील हो गया नजारा

जुबिली पार्क में रंग-बिरंगी रोशनी से बनी खूबसूरत आकृतियां व फव्वारों के चारों तरफ बिखरी मनमोहक छटा ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JSR : टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने संस्थापक दिवस की पूर्व संध्या पर सोमवार शाम को ठीक 6 बजे जैसे ही बटन दबाया, जुबिली पार्क परीलोक में तब्दीन हो गया। इसके साथ जुबिली पार्क रिकॉर्ड 20.5 लाख एलईडी बल्बों से जगमगा उठा है। वहीं, कदमा-सोनारी लिंक रोड को सजाने में 8 लाख, जबकि शहर की हेरिटेज बिल्डिंगों और गोलचक्करों की सजावट में लगभग 80 लाख एलईडी लाइट लगाए गए हैं। जुबिली पार्क में इस वर्ष रोशनी की सजावट को खास बनाने के लिए कबूतर, तितली, हाथी, शेर, मोर, बंदर सहित विभिन्न पक्षियों के साथ-साथ कमल, गुलाब और ट्यूलिप के आकृति में लाइटों से सजावट की गई है। सतरंगी छटा के बीच कलर्ड वाटर फाउंटेन पार्क की खूबसूरती में अलग रंग रहे हैं। संस्थापक दिवस पर जुबिली पार्क की रोशनी एक बार फिर जमशेदपुर की पहचान और टाटा की परंपरा को अलग तरीके से प्रस्तुत कर रहा है। इस मौके पर चेयरमैन के साथ टाटा स्टील ग्रुप के सीईओ-सह- एमडी टीवी नरेंद्रन सहित कंपनी के वरीय पदाधिकारियों, यूनियन नेताओं और कर्मचारियों ने संस्थापक को श्रद्धांजलि अर्पित की।

रतन टाटा की तस्वीर कर रही आकर्षित

इस बार रतन टाटा की तस्वीर एक लाख फूलों से तैयार की गई है, जो बरबस ही लोगों को आकर्षित कर रही है। इसके अलावा पार्क में संस्थापक जेएन टाटा के साथ रतन टाटा की तस्वीर भी विशेष रूप से डिस्प्ले की गई है। 3 से 6 मार्च तक आम लोग विद्युत सज्जा देख सकेंगे। शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक आम लोग पैदल प्रवेश करेंगे। वहीं रात 10 से 11 बजे तक चारपहिया, दोपहिया वाहनों से लोग लाइटिंग देख सकेंगे। पैदल इंट्री सीएफई, साकची व निक्को पार्क गेट से होगी। जबकि निकासी सीएफई, साकची और पारसी गेट होगी। जबकि वाहनों का प्रवेश व निकासी सिर्फ सीएफई गेट से होगा। हालांकि 4 मार्च (होली) को लाइटिंग चालू रहेगी, लेकिन पार्क में आम लोगों के प्रवेश पर रोक रहेगी।

समाचार सार

'लव इन साइलेंस' में दिखेंगे डुमरिया के मंगला मार्डी

GHATSILA : डुमरिया प्रखंड के निश्चिंतपुर गांव निवासी मंगला मार्डी को फिल्म 'लव इन साइलेंस' में अभिनय का अवसर मिला है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों दिल्ली के प्रेस क्लब में इसका ऑडिशन हुआ था। वहां उनकी प्रतिभा देखकर तुरंत निर्देशक अभीक भानु ने साइन कर लिया। इससे पहले अभीक भानु की 2022 में चौरी-चौरा आई थी, तो इससे पहले गन पे डन रिलीज हुई थी। नई फिल्म में मंगला मार्डी के साथ योगेश सिंह, सन्नी विज, प्राची सहित दर्जनों कलाकार हैं। इस उपलब्धि पर झामुमो की डुमरिया प्रखंड कमेटी ने मंगला मार्डी को सम्मानित किया। प्रखंड अध्यक्ष मिर्जा सोरेन ने कहा कि मंगला मार्डी की यह उपलब्धि निश्चय ही झारखंड के युवाओं को प्रेरित करेगी।

ईरान पर अमेरिकी-इजरायली हमले के विरोध में हुई सभा

JAMSHEDPUR : साझा नागरिक मंच, जमशेदपुर की ओर से सोमवार को साकची गोलचक्कर स्थित बिरसा चौक पर एक नुक्कड़ प्रदर्शन सह जनसभा की गई। यह पानीपत में चल रहे मजदूर आंदोलन के समर्थन और ईरान पर हुए अमेरिकी-इजरायली हमले को लेकर था। हरियाणा के पानीपत में कई दिनों से आईओसीएल कंपनी के मजदूर 8 घंटे का कार्यदिवस लागू करने को लेकर संघर्षरत हैं। इप्टा के बच्चों ने गीत गाया, जबकि इस दौरान सियाशरण शर्मा, डॉ. रामकवींद्र सिंह, सुजय राय, अरविंद अंजुम, अर्पिता, राजश्री, अशोक शुभदर्शी, बीएन प्रसाद, बिक्रम झा, तौहीद्दुल हसन, शाहिद अख्तर, हैदर इमाम, शाहिद खान, देवाशीष, मुरारी प्रसाद, शैलेश अस्थाना, श्याम किशोर, रमन कुमार, काशीनाथ प्रजापति, केवी पाई, सुभाषचंद्र, एसके घोषाल, अंकुर शाश्वत, चैतन्य शिरोमणि, जयकिशोर प्रसाद, निशा सिंह, जिया, मंथन आदि उपस्थित रहे।

पोद्दार समाज ने किया होली मिलन

JAMSHEDPUR : पोद्दार वैश्य कल्याण समिति ने सोमवार को मानगो के टैंक रोड स्थित पोद्दार भवन में होली मिलन किया। इस मौके पर समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगा कर तिलक होली खेली। कार्यक्रम में पोद्दार समाज दरभंगा के अध्यक्ष राधेश्याम पोद्दार को समिति के संस्थापक अध्यक्ष- सह- मुख्य संरक्षक शंकर पोद्दार ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में शिवशंकर प्रसाद देव, रामलखन पोद्दार, महामंत्री श्रीकांत देव, नीरज नागेंद्र, नंदकिशोर पोद्दार, उमेश कुमार, संजीव पोद्दार, अशोक पोद्दार, मनोज पोद्दार, गणेश पोद्दार, संजय पोद्दार, सुबोध पोद्दार, रूपेश पोद्दार, जितेंद्र सेन पोद्दार, अर्जुन पोद्दार, सुरेंद्र पोद्दार, किशोर पोद्दार आदि भी शामिल हुए।

चिलगू में ध्वस्त की गईं 3 शराब भट्ठियां

SERAIKELA : होली के मद्देनजर उपायुक्त नितिश कुमार सिंह के निर्देश पर अधीक्षक उत्पाद, सरायकेलाझ्रखरसावां की देखरेख में सोमवार को चांडिल थाना अंतर्गत चिलगू के समीप चाकुलिया एवं भदौडीह ग्राम में छापेमारी की गई। इस दौरान 3 अवैध चुलाई अड्डों को ध्वस्त किया गया। घटनास्थल से लगभग 500 किलोग्राम जावा महुआ जब्त कर मौके पर ही नष्ट किया गया। 35 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। बरामदगी के उपरांत संबंधित अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

अंधविश्वास की आड़ में तांत्रिक ने किया नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

गिरफ्त में आरोपी व जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में अंधविश्वास से जुड़ी एक घटना सामने आई है। एक तांत्रिक ने झाड़-फूंक के नाम पर एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के परिजनों द्वारा थाना में मामला दर्ज करते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना के संबंध में जगन्नाथपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपने बीमार बेटे के इलाज के लिए जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के तोड़ागहातु गांव के मुंडा साईं टोला निवासी ओझा-गुनी पांडे नाग को घर बुलाया था। आरोपी लंबे समय से ओझा-गुनी और झाड़-फूंक का काम करता था। इस दौरान आरोपी ने इलाज की प्रक्रिया का हवाला देते हुए महिला और उसके बेटे को घर से बाहर भेज दिया। उसने उन्हें पास के तालाब में फेरा लगाने और पूजा संबंधी प्रक्रिया पूरी करने को कहा। उसके बाद आरोपी घर में ही रुक गया। इसी दौरान आरोपी ने महिला की नाबालिग बेटी को डरा-धमका कर दुष्कर्म किया। इसके बाद वह चला गया। बाद में मां- बेटा जब घर लौटे, तो पीड़िता ने पूरी बता बताई। इसके बाद परिजन थाना पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी वर्ष 2014 में भी दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी रह चुका है।

एमजीएम थाना क्षेत्र में पकड़ाई विदेशी शराब की अवैध फैक्ट्री

JAMSHEDPUR : होली के मद्देनजर सहायक आयुक्त उत्पाद, पूर्वी सिंहभूम के निर्देश पर सोमवार को एमजीएम थाना क्षेत्र में छापेमारी की गई। यहां अवध डेंटल कॉलेज से सटी ऊंची चारदीवारी वाले राजेश कुमार शर्मा के मकान में विदेशी शराब की अवैध फैक्ट्री पकड़ाई। छापेमारी में विदेशी शराब तैयार करने एवं उसे बोतलबंद करने की सभी सामग्री जैसे स्पिरिट, तैयार तरल रंगीन शराब, भारी मात्रा में विभिन्न ब्रांडों के खाली बोतल, बड़ी संख्या में ढक्कन व बोतल सीलबंद करने वाले कॉर्क, बोतलों पर चिपकाए जाने वाले विभिन्न ब्रांडों के लेबल-स्टिकर, नकली उत्पाद आसंजक, शराब को रंग व फ्लेवर देने में प्रयुक्त केरामेल लीटर, प्लास्टिक के ड्रम में तैयार रंगीन विदेशी शराब तथा करीब 80 पेटियों में, रॉयल स्टैग, रॉयल चैलेंज, रॉयल गोल्ड कप आदि ब्रांड के बोतल बंद शराब बरामद किए गए।

युवा ही पूरा करेंगे विकसित भारत का सपना : मधु कोड़ा

कार्यक्रम को संबोधित करते मधु कोड़ा

CHAIBASA : महिला कॉलेज, चाईबासा में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 कार्यक्रम सोमवार को हुआ। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में मधु कोड़ा ने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथ में है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सपना तभी साकार होगा, जब युवा लोकतंत्र, संविधान और देश की एकता को समझेंगे और उसकी रक्षा करेंगे। उन्होंने आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के संदर्भ में उस दौर को याद करते हुए लोकतंत्र की अहमियत पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आपातकाल के 50 वर्ष विषय पर विशेष सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं ने तीन-तीन मिनट का भाषण दिया। इस विषय पर पश्चिमी सिंहभूम जिले के 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के कुल 70 युवाओं ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया। इनमें से चयनित पांच युवा रांची में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा वहां से चयन होने पर दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राजेंद्र भारती, सामाजिक विज्ञान संकाय के डीन डॉ. परशुराम सियाल, महिला कॉलेज की प्राचार्या प्रो. संगीता टोप्पो सहित अन्य शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

बहरागोड़ा में हुआ 19 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह

विवाह समारोह में शामिल परिजन व अन्य ● फोटोन न्यूज

GHATSILA : बहरागोड़ा के नेताजी शिशु उद्यान से सटे शाखा मैदान में सोमवार को भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह आशीर्वाद कार्यक्रम के संयोजक डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी के नेतृत्व में 19 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह हुआ। वर-वधू को आशीर्वाद देने के लिए कई लोग पहुंचे थे। समारोह स्थल पर एक साथ 19 मंडप में 19 पुरोहितों ने 19 जोड़ों का विवाह हिंदू रीतिरिवाज के साथ कराया। सात फेरों एवं माला बदल के साथ नव दंपतियों ने शराब और घरेलू हिंसा से दूर रहने की शपथ भी ली। बहरागोड़ा के शमशान चौक स्थित निगमानंद आश्रम से सुबह 11 बजे एक साथ 19 दूल्हों को गाजेझबाजे के साथ विवाह मंडप तक लाया गया। युवा मंडली ने आतिशबाजी करते हुए बैंड-बाजे की धुन पर डांस किया। बारातियों का स्वागत डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी व मुख्य अतिथि ओडिशा के विख्यात अभिनेता सिद्धांत महापात्र ने किया।

मातृभाषा में ही व्यक्त हो पाती हैं हृदय से निकलने वाली बातें : डॉ. अशोक

एलबीएसएम कॉलेज में छात्राओं ने सुनाई कई भाषाओं में लोककथा व कविताएं

कार्यक्रम में मंचस्थ प्राचार्य व अतिथि ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JSR : मातृभाषा स्रोत भाषा होती है। हृदय से निकलने वाली चीजें मातृभाषा में ही व्यक्त हो पाती हैं। मातृभाषा से जो कट जाएगा, वह अपनी जड़ों से कट जाएगा। सामाजिक-सांस्कृतिक और इंसानी मूल्यों को बचाने के लिए मातृभाषाओं और उनकी विविधता को बचाना जरूरी है। हम मातृभाषा से प्रेम के बगैर न राष्ट्रीय हो सकते हैं, ना अंतरराष्ट्रीय। राष्ट्रभाषा व अंतरराष्ट्रीय भाषा को जानना-समझना जरूरी है, पर उससे भी जरूरी है मातृभाषा में खुद को व्यक्त करना, क्योंकि वह किसी भी मनुष्य के ज्ञान और अभिव्यक्ति की शक्ति के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। मातृभाषा हमें ज्ञान की समृद्ध लोकपरंपरा से जोड़ती है। वह प्रेम की भाषा होती है। बहुत पहले विद्यापति कह गए हैं- देसिल बयना सब जन मिट्ठा। वे संस्कृत के भी बड़े विद्वान थे, पर उन्होंने मातृभाषा को महत्व दिया और इसी ने उन्हें लोकप्रिय भी बनाया। मैथिली, ओड़िया, बांग्ला भाषाओं को बोलने वाले उन्हें अपनी ही भाषा का कवि मानते हैं। ये बातें सोमवार को एलबीएसएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार झा ने कहीं। करनडीह स्थित कॉलेज में हिंदी विभाग और साहित्य कला परिषद की ओर अंतरराष्टीय मातृभाषा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ. अशोक कुमार झा ने मातृभाषा में पढ़ाई के महत्त्व की चर्चा करते हुए कहा कि पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम कहते थे कि अपनी मातृभाषा तमिल में पढ़ाई के कारण ही यह संभव हो सका कि वे आगे चलकर एक वैज्ञानिक बन पाए। थोपी हुई कोई भाषा हमारे विकास का माध्यम नहीं बन सकती। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष और बर्सर डॉ. विजय प्रकाश ने कहा कि नई शिक्षा नीति में कई मातृभाषाओं को स्थान दिया गया है और कई भाषाएं शामिल होने की कतार में हैं। मातृभाषाओं में शिक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। आज संकल्प लेने का दिन है कि हम सब अपनी-अपनी मातृभाषा में बात करेंगे।

शहादत दिवस कल | नक्सलियों ने घाटशिला के बाघुड़िया में फुटबॉल मैच के दौरान अचानक घेरकर कर दिया था हमला

19 वर्ष पूर्व होली के दिन ही हुई थी तत्कालीन सांसद सुनील महतो की हत्या

सुनील महतो की फाइल फोटो

RAJESH CHOUBEY @ GHATSILA : पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत घाटशिला प्रखंड के बाघुड़िया गांव में 4 मार्च 2007 की होली आज भी लोगों के जेहन में कौंधती रहती है। उस दिन रंग और उमंग के बीच गोलियों की तड़तड़ाहट से पूरा इलाका दहल उठा था। तत्कालीन सांसद सुनील महतो की नक्सलियों ने फुटबॉल मैच के दौरान हत्या कर दी थी। संयोग देखिए कि इस वर्ष भी 4 मार्च को होली के दिन ही उनका शहादत दिवस मनाया जाएगा। 2007 के बाद 2026 में 4 मार्च को होली मनाई जाएगी। उस दिन होली के मौके पर बाघुड़िया गांव में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया था। जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के तत्कालीन सांसद सुनील महतो मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। मैदान में बड़ी संख्या में ग्रामीण, खिलाड़ी और समर्थक मौजूद थे। इसी दौरान घात लगाकर पहुंचे नक्सलियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावरों ने बेहद नजदीक से सांसद पर गोलियां चलाईं. हमले में सुनील महतो के साथ उनके सुरक्षाकर्मी और झामुमो नेता प्रभाकर महतो भी शहीद हो गए थे। पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। रंगों का त्योहार देखते ही देखते मातम में बदल गया था। सुनील महतो उस समय झारखंड मुक्ति मोर्चा के कद्दावर नेता बन चुके थे। शहरी व ग्रामीण, दोनों इलाकों में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती थी। उनकी हत्या को नक्सलियों द्वारा सुनियोजित हमला बताया गया। इस घटना ने न केवल पूर्वी सिंहभूम, बल्कि पूरे राज्य को झकझोर दिया था। राजनीतिक दलों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे। केंद्र और राज्य सरकार पर दबाव बढ़ा कि दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाए। सीबीआई जांच हुई, लेकिन अब तक कई सवाल अनसुलझे रह गए। स्थानीय लोगों और उनकी पत्नी-सह-पूर्व सांसद सुमन महतो का भी मानना है कि इस हत्याकांड के सभी पहलुओं का पूर्ण खुलासा अब तक नहीं हो पाया है। यह सवाल आज भी उठता है कि हमले की साजिश किस स्तर पर रची गई थी और क्या सभी जिम्मेदार लोग कानून के शिकंजे में आए।

आगामी 4 मार्च 2026 को सुनील महतो की शहादत दिवस पर एक बार फिर मामले की निष्पक्ष और अंतिम रूप से खुलासा करने की मांग उठाई जाएगी। स्थानीय समर्थक, सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों के कार्यकताओं द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी।

न्याय की प्रतीक्षा कर रहे लोग

घाटशिला और आसपास के क्षेत्रों में आज भी लोग उस घटना को याद कर भावुक हो जाते हैं। बाघुडिया का वह मैदान, जहां कभी खेल और उत्सव का माहौल था, इतिहास के काले अध्याय का साक्षी बन चुका है। 19 वर्ष बीतने के बाद भी यह मामला पूरी तरह शांत नहीं हुआ है। हर वर्ष शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि के साथ-साथ न्याय की मांग दोहराई जाती है। 4 मार्च को इस बार भी जब एक बार फिर होली के रंग बिखरेंगे, तब सुनील महतो की शहादत की याद और भी गहरी होगी। उनके समर्थकों की आवाज एक बार फिर गूंजेगी कि मामले का पूरा सच सामने लाया जाए।

रेडक्रॉस ने 51 मोतियाबिंद मरीजों को विदा किया घर

विदाई के दौरान मरीज व अन्य ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : टाटा स्टील समूह की कंपनी जेमिपोल के सहयोग से बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में 51 मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन हुआ। जाने-माने नेत्र चिकित्सक डॉ. बीपी सिंह व उनकी टीम ने ऑपरेशन कराए नेत्र रोगियों की आंखों की पट्टी खोलकर अंतिम जांच की, जिसके पश्चात नेत्र रोगियों को रेडक्रॉस सोसाइटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह, नेत्र चिकित्सक डॉ. बीपी सिंह, कार्यकर्ता इशिता सिंह, शिवानी सिंह, आशीष कुमार, अशोक कुमार सिंह, हीरालाल आदि ने काला चश्मा पहनाया तथा डेढ़ महीने की दवा देकर घर विदा किया। शिविर में उपस्थित रेडक्रॉस कार्यकर्ता श्याम कुमार प्रसाद ने नेत्र रोगियों को ऑपरेशन के बाद आंखों की देखभाल की जानकारी प्रदान की। नेत्र रोगियों के परिजनों ने जेमिपोल तथा रेडक्रॉस का आभार जताया।

गोपालगंज में निर्माणाधीन आरसीसी पुल का स्पैन ढलाई के दौरान गिरा

तीन अभियंता निलंबित, 2 करोड़ 89 लाख 21 हजार की लागत से बन रहा था 29 मीटर लंबा पुल

AGENCY PATNA : नाबार्ड राज्य योजना के तहत गोपालगंज जिले के सिधवलिया प्रखंड स्थित बखरौल कुर्मी टोला पथ पर घोघरी नदी के ऊपर निमार्णाधीन आरसीसी पुल की ढलाई के दौरान एक स्पैन क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना को ग्रामीण कार्य विभाग ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रशासनिक कार्रवाई की है। विभाग ने गोपालगंज कार्य प्रमंडल-2 के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता और कनीय अभियंता को कार्य में लापरवाही के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही पुल निर्माण कार्य में लगे संवेदक बापूधाम कंस्ट्रक्शन, मोतिहारी के खिलाफ भी कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, घोघरी नदी पर बन रहे इस आरसीसी पुल का एल-041 से एल-039 के बीच का एक हिस्सा ढलाई के दौरान ही अचानक गिर गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी भी प्रकार की जानमाल की क्षति नहीं हुई। ग्रामीण कार्य विभाग ने घटना की गंभीरता को देखते हुए मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, नोडल पदाधिकारी और वरीय पुल सलाहकार को घटनास्थल पर भेजकर विस्तृत जांच शुरू कर दी है। विभागीय सूत्रों के अनुसार सभी कार्यपालक अभियंताओं को पुल निर्माण से पूर्व डीपीआर (विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन) की जांच वरीय पुल सलाहकार से कराने का स्पष्ट निर्देश दिया गया था, लेकिन संबंधित अभियंता और संवेदक ने इस निर्देश का पालन नहीं किया। उल्लेखनीय है कि सिधवलिया प्रखंड के बखरौल कुर्मी टोला में इस पुल का निर्माण कार्य पिछले वर्ष 7 मार्च को शुरू किया गया था। विभाग ने इसे 6 मार्च, 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। विभाग ने 28 फरवरी को आयोजित समीक्षा बैठक में भी सभी कार्य प्रमंडलों को अपने-अपने पुल परियोजनाओं के डीपीआर की अनिवार्य रूप से पुल सलाहकार से समीक्षा कराने का निर्देश दोहराया था। 29 मीटर लंबा यह पुल 2 करोड़ 89 लाख 21 हजार की लागत से बन रहा था। विभाग का मानना है कि वरीय पुल सलाहकारों द्वारा तकनीकी जांच और मूल्यांकन से कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सकती है।

निर्माण के दौरान ढहा पुल

समाचार सार

होली, रामनवमी व ईद को लेकर विशेष तैयारी

SIWAN : आगामी त्योहारों को देखते हुए सीवान पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आ रही है। पुलिस केंद्र, सीवान में सोमवार को विशेष प्रशिक्षण एवं दंगा-निरोधी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम एसपी पुरन कुमार झा के निर्देश पर संपन्न हुआ, जिसमें पुलिस बल को संभावित असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए तैयार किया गया। होली, चैत नवरात्र, रामनवमी, ईद और चैत छठ जैसे बड़े पर्वों के मद्देनजर यह तैयारी की गई है। मॉक ड्रिल के दौरान जवानों को दंगा नियंत्रण की रणनीति, भीड़ प्रबंधन और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई का अभ्यास कराया गया। आंसू गैस, बॉडी प्रोटेक्टर, दंगा-रोधी वाहन सहित अन्य उपकरणों के प्रभावी उपयोग का प्रदर्शन भी किया गया। मैदान में उतरी भारी संख्या में पुलिस बल ने स्पष्ट संकेत दिया कि प्रशासन किसी भी प्रकार की अराजकता को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। एसपी ने बताया कि संवेदनशील इलाकों की विशेष निगरानी की भी योजना बनाई जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों को सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल देना है। हालांकि सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या हर साल त्योहारों से पहले इस तरह की तैयारी जरूरी हो जाती है? फिलहाल सीवान पुलिस का दावा है कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी ताकत के साथ तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अब देखना होगा कि त्योहारों के दौरान यह तैयारी कितनी कारगर साबित होती है।

पीएमसीएच के स्त्री रोग विभाग में बढ़ेंगे 90 बेड

PATNA : राज्य में बेहतर शिक्षा व बेहतर स्वास्थ्य के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार लगातार विस्तार कार्य कर रही है। इसके लिए बिहार सरकार की तरफ से पुनर्विकास योजना के तहत हर राज्य के लगभग सभी अस्पताल में बेड की संख्या बढ़ाई जा रही है। इसी कड़ी में राजधानी के सबसे बड़े अस्पताल पीएमसीएच में महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए बेड की संख्या में लगातार इजाफा किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल में महिला वार्ड में 90 बेड की संख्या बढ़ाई जा रही है। इससे अस्पताल में इलाज करवाने आने वाली महिलाओं को हाईटेक इलाज की सुविधा दी जायेगी। बता दें कि हाल ही में पीएमसीएच में सुविधा विस्तार के तहत 1117 बेड वाले 2 अस्पताल टावर का निर्माण किया गया है। इससे प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य उपचार के लिए 24 घंटे सुविधा उपलब्ध है। विभाग ने 2029 तक पीएमसीएच में चल रहें सभी विकास व विस्तार कार्य को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही पीएमसीएच में इलाज के लिए रेफर किये गये गंभीर मरीजों के लिए बेहतर उपचार के लिए एयर एम्बुलेंस के उतरने की व्यवस्था भी विकसित की जा रही है। उम्मीद है कि आने वाले एक-दो महीने में इसको चालू कर दिया जायेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का संकल्प अब बिहारवासियों को किसी प्रकार के इलाज के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। साथ ही बिहार बेहतर शिक्षा, उद्योग व स्वास्थ्य सुविधा में दिन-प्रतिदिन उन्नति कर रहा है।

मवेशियों की तस्करी का प्रयास विफल, तीन धराए

SUPAUL : जिले के सशस्त्र सीमा बल की 45वीं वाहिनी, बीरपुर अंतर्गत सीमा चौकी नरपतपट्टी ने पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान मवेशियों की तस्करी के प्रयास को विफल कर बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान 9 मवेशी (08 गाय एवं 01 बछड़ा) और एक पिकअप वाहन को जब्त किया गया, जबकि तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए 45वीं वाहिनी के कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि सीमा चौकी नरपतपट्टी के जिम्मेदारी क्षेत्र में मवेशियों की तस्करी की संभावना को लेकर विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर एक विशेष पेट्रोलिंग दल का गठन किया गया। पेट्रोलिंग के दौरान दल स्पर संख्या 1775 के समीप पहुंचा, जहां एक संदिग्ध पिकअप वाहन को आते देखा गया। वाहन को रोककर तलाशी लेने पर उसमें 08 गाय एवं 01 बछड़ा पाए गए। पूछताछ में वाहन सवार व्यक्तियों ने अपना नाम मोहम्मद फयाज (ग्राम शाहपुर, जिला सुपौल), मोहम्मद राजमूल (ग्राम सतनपट्टी, जिला सुपौल) एवं मोहम्मद शमीबिल्ला (ग्राम नरपतपट्टी, जिला सुपौल) बताया। बरामद मवेशियों से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। कमांडेंट ने बताया कि 9 मवेशियों, एक टाटा पिकअप वाहन तथा तीनों आरोपितों को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई के उपरांत फाटक कमलदाह, कुसार्कांटा, जिला अररिया (बिहार) को सुपुर्द कर दिया गया।

स्मैक के साथ बाइक सवार दो युवक पकड़ाए

ARARIA : जिले की जोगबनी थाना पुलिस ने शनि मंदिर टिकुलिया बस्ती के पास वाहन चेकिंग के क्रम में बाइक पर सवार दो युवक को 198.96 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया।गिरफ्तार युवक जोगबनी के पासवान टोला वार्ड संख्या 16 के 19 वर्षीय राजकुमार उर्फ राजा पासवान और खजूरबाड़ी कॉलोनी वार्ड संख्या 15 के रहने वाले 20 वर्षीय छोटू कुमार राम पिता स्व रामप्रसाद राम है।जानकारी सोमवार को फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने जोगबनी थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में दी।

घूसखोर सहायक अभियंता गिरफ्तार, निगरानी ने पांच लाख रुपये लेते दबोचा

BETIA : बेतिया में निगरानी विभाग ने सोमवार को जिला शिक्षा कार्यालय में छापेमारी कर शिक्षा विभाग के सहायक अभियंता को गिरफ्तार किया है। आरोपी रोशन कुमार को 57 लाख के रिपेयरिंग टेंडर में 10 पर्सेंट कमीशन लेते समय दबोच लिया। विशेष निगरानी इकाई के पुलिस उपाधीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि रोशन कुमार को पांच लाख रुपये लेते समय हमारी टीम ने पकड़ा है। हमें शिकायत मिली थी कि वह कमीशन के नाम पर पैसे मांग रहा है। जब हमने अपने स्तर से जांच कराई तो आरोप को सही पाया। इसके बाद विशेष टीम बनाकर सहायक अभियंता को गिरफ्तार किया गया। निगरानी विभाग की टीम अब पश्चिम चंपारण के जिला शिक्षा कार्यालय में मौजूद अन्य अधिकारियों की भूमिका को लेकर भी छानबीन कर रही है, क्योंकि यह साबित हो गया है कि इस कार्यालय में खुलेआम लाखों का लेन-देन होता रहता है।

गांधी मैदान में रंगों का सियासी संगम, एनडीए के भव्य होली मिलन में एक साथ दिखे कई चेहरे

AGENCY SIWAN : सीवान के ऐतिहासिक गांधी मैदान में सोमवार को एनडीए की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह रंग, उमंग और राजनीतिक एकजुटता का अनूठा संगम बन गया। सुबह से ही मैदान में कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों की भीड़ उमड़ने लगी थी। जैसे-जैसे कार्यक्रम आगे बढ़ा, पूरा मैदान गुलाल की उड़ती खुशबू और होली गीतों की गूंज से सराबोर हो उठा। समारोह में बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सह सीवान सदर विधायक मंगल पांडे मुख्य आकर्षण रहे। वे मंच से उतरकर सीधे कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे और जमकर गुलाल खेला। इस दौरान उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश देने वाला पर्व है। उन्होंने सभी नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक समरसता बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम को खास रंग दिया भोजपुरी जगत के लोकप्रिय गायक रितेश पांडे और विजेंद्र सिंह ने। जैसे ही मंच से फाग और पारंपरिक होली गीत गूंजे, दर्शक खुद को थिरकने से रोक नहीं पाए। वहीं साहित्यिक कलाकार आनंद मोहन ने अपनी रचनाओं से सांस्कृतिक वातावरण को और समृद्ध किया। समारोह में महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, सीवान सांसद विजयलक्ष्मी देवी, विधायक कर्णजीत सिंह, हेमनारायण साह, देवेशकांत सिंह, इन्द्रदेव सिंह पटेल, विष्णुदेव पासवान, भीम कुशवाहा, बीजेपी जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय पांडे सहित बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं और राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर समाज को जोड़ने का काम करते हैं। आयोजन स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। गांधी मैदान का यह होली मिलन समारोह केवल राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि रंग, संगीत और भाईचारे के संगम का जीवंत उत्सव बनकर उभरा,जहां सियासत भी रंगों में रंगी नजर आई और सीवान ने एकता का संदेश दुनिया तक पहुंचाया।

होली का आनंद उठाते एनडीए के नेता

चोरी की बाइक व शराब सहित एक कारोबारी हुआ गिरफ्तार

पुलिस गिरफ्त में आरोपी

EAST CHAMPARAN : जिले के आदापुर थाना क्षेत्र में चोरी की बाइक व नेपाली शराब की खेप के साथ एक शराब कारोबारी पकड़ा गया। आदापुर थानाध्यक्ष पप्पु पासवान ने बताया कि को गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल से भारी मात्रा में नेपाली कस्तुरी शराब की खेप लाया जाने वाला है। सूचना के आलोक में त्वतरित कारवाई करते हुए जवानों व चौकीदारों के मदद से घेराबंदी कर उक्त शराब कारोबारी को बखरी झिटकैया गांव में पकड़ा गया। जिसके पास से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई, पकड़े गए शराब कारोबारी की पहचान तिनकोनी गांव निवासी माधो सिंह के पुत्र शैलेश कुमार के रूप में हुई है। कारोबारी ने पूछताछ में बताया कि उसकी योजना नेपाल से शराब लाकर होली में खपाने की थी। पकड़ा गया चोरी की बाइक को लेकर दरपा थाना में काण्ड संख्या 33/2026 दर्ज कराई गई है। पुलिस अग्रतर कारवाई में जुटी है।

ब्राउन शुगर की तस्करी में महिला सहित 5 गिरफ्तार

पुलिस गिरफ्त में आरोपी

BHAGALPUR : भागलपुर पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर के अंतरजिला नेटवर्क का पदार्फाश किया है। सिटी एसपी शैलेंद्र सिंह ने पत्रकार वार्ता कर सोमवार को पूरे मामले की जानकारी दी। सिटी एसपी ने बताया कि पुलिस की स्पेशल टीम ने कोतवाली बायपास और लालमटिया थाना क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान कुल 200 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई। कार्रवाई के दौरान एक महिला समेत कुल 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सिटी एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर टीम का गठन किया गया था। सूचना थी कि कोतवाली बायपास इलाके में ब्राउन शुगर की डिलीवरी होने वाली है। टीम ने घेराबंदी कर कार्रवाई की और मौके से आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह शहर में लंबे समय से सक्रिय था और युवाओं को निशाना बनाकर नशे की सप्लाई कर रहा था। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा हो सके।

गड्ढे में गिरी तेज रफ्तार कार, चालक घायल

MADHEPURA : मधेपुरा जिला के मुरलीगंज-बिहारीगंज एसएच-91 पर रतनपट्टी मोड़ के समीप एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर करीब दस फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी। हादसे में स्कॉर्पियो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मधेपुरा थाना क्षेत्र के शकरपुरा वार्ड संख्या 2 निवासी कुमोद कुमार के है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कॉर्पियो बिहारीगंज से मुरलीगंज की ओर आ रही थी। इसी दौरान रतनपट्टी मोड़ के पास एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में वाहन चालक संतुलन खो बैठा और गाड़ी सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। घटना में चालक को काफी चोटें आई हैं। इसी बीच सड़क से गुजर रहे प्रतापनगर वार्ड संख्या 2 निवासी अंशु कुमार ने मानवता का परिचय देते हुए घायल चालक को वाहन से बाहर निकाला और तुरंत मुरलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। ड्यूटी पर तैनात डॉ. जितेंद्र कुमार जितेश ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मधेपुरा रेफर कर दिया।

नामजद अपराधी की गिरफ्तारी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

AGENCY MADHEPURA : जिले में कानून-व्यवस्था को लेकर पहले से उठ रहे सवालों के बीच एक ताजा मामला चर्चा का केंद्र बन गया है। शंकरपुर थाना कांड संख्या 240/25 के नामजद अभियुक्त अंकज कुमार उर्फ लल्लू यादव (मधेली वार्ड संख्या 13 निवासी) की गिरफ्तारी के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है।

बताया जा रहा है कि शनिवार को शंकरपुर पुलिस ने अंकज कुमार उर्फ लल्लू यादव को मधेली गांव से गिरफ्तार किया। थाना लाकर कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसी दिन जेल भेज दिया गया लेकिन गिरफ्तारी से लेकर न्यायालय तक की यात्रा के दौरान के कई रील सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। आरजेडी अमित आर्य के नाम से बनी एक आईडी से अपलोड रील में देखा जा रहा है कि- अभियुक्त को बिना हथकड़ी के पुलिस ने वाहन की जगह निजी वाहन में बैठाया। रास्ते में होटल में पुलिस की मौजूदगी में भोजन किया गया। हाथ में हथकड़ी लेकर स्वयं वीडियो बनवाते नजर आ रहे हैं। 'आज जेल हुई, कल बेल हुई' जैसे गानों पर रील अपलोड कर कथित तौर पर दबंग छवि प्रस्तुत की जा रही है। इन वायरल वीडियो में थाना अध्यक्ष राजीव कुमार समेत कई पुलिसकर्मी साथ दिखाई दे रहे हैं।

यह दृश्य आम लोगों में चर्चा और असंतोष का कारण बना हुआ है। अंकज कुमार उर्फ लल्लू यादव पर मधेपुरा जिले के शंकरपुर थाना सहित सुपौल जिले के विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वर्ष 2020 में मधेली निवासी चर्चित शिक्षक राम बाबू हत्याकांड में भी वे नामजद अभियुक्त रह चुके हैं। हत्या, लूट सहित अन्य गंभीर मामलों में उनका नाम सामने आता रहा है।

वायरल वीडियो का दृश्य

पर्व-त्योहार

लोकगायक आदित्य राजन, कार्तिकेय द्विवेदी, अर्पिता उपाध्याय, शगुन, पूजा निषाद व पवन ने बांधा समां

यायावरी होली मिलन में खूब उड़े रंग-गुलाल, थिरके लोग

PHOTON NEWS GORAKHPUR : होली के पावन अवसर पर रविवार को यायावरी वाया भोजपुरी परिवार की ओर से होली मिलन समारोह हुआ। इस दौरान हास्य कवियों की प्रस्तुति पर जहां जमकर ठहाके लगे, वहीं स्थानीय गायकों की प्रस्तुतियों ने लोगों को खूब झुमाया। समारोह दो सत्रों से सजा रहा, जिसमें पहला सत्र कविता का और दूसरा सत्र होली के पारंपरिक गीतों से सजा रहा। कविता के सत्र में युवा कवि नितेश माही, अजय कुमार यादव, प्रेम नाथ मिश्र, डॉ. सत्यमवदा, शर्मा, चंदेश्वर परवाना और डॉ. फूलचंद प्रसाद गुप्त मंचासीन रहे। इस दौरान सरिता सिंह ने भी अपनी कविताएं पढ़ीं। संचालन डॉ. फूलचंद ने और अध्यक्षता चंदेश्वर परवाना ने की। गीत-गवनई के सत्र में चर्चित लोकगायक आदित्य राजन, कार्तिकेय द्विवेदी, अर्पिता उपाध्याय, शगुन, पूजा निषाद और पवन की जोड़ी ने एक से बढ़कर एक गीत गाए। इन गीतों पर झूमते हुए लोगों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली खेली और एक दूसरे को शुभकामना और बधाई देने के साथ मंगलकामना की। इस दौरान विजय श्रीवास्तव, कल्पना श्रीवास्तव, शैवाल, अमित सिंह (जीएसटी कमिश्नर), शिवेंद्र, चंदप्रकाश, रितिका, राज मौर्या, ब्रजेश्वर मणि त्रिपाठी, श्वेता सुप्रिया, सुधीर आदि मौजूद रहे।

मंच पर गीत प्रस्तुत करते कलाकार

होलिका दहन पर निकली भव्य शोभायात्रा

SIWAN : होलिका दहन के पावन अवसर पर सोमवार की संध्या शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा दीनदयाल नगर तुरहा टोली से होलिका की प्रतिमा के साथ प्रारंभ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शहर के शिवव्रत साह घाट परिसर सहित लगभग 20 स्थानों पर होलिका दहन का आयोजन किया जाता है। शिवव्रत साह घाट पर समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित मुख्य कार्यक्रम से पूर्व प्रतिमा के साथ निकली शोभायात्रा ने पूरे नगर का भ्रमण किया। यात्रा श्रद्धानंद बाजार, दरबार रोड, थाना रोड, बड़ी मस्जिद रोड, शांति वट वृक्ष, सोनार टोली, मौलेश्वरी चौक, कागजी मोहल्ला होते हुए जेपी चौक पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान शहर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और उत्सवी रंग में रंगा नजर आया। आकर्षक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। प्रशासन की ओर से 14 मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य जवानों की तैनाती की गई थी, ताकि आयोजन शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। संध्या 7:00 बजे के बाद विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत होलिका दहन किया जाएगा।

बेगूसराय में फर्जी महिला सब-इंस्पेक्टर हुई गिरफ्तार, लोगों से ऐंठती थी पैसे

BEGUSARAI : बेगूसराय में फर्जी सब-इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया गया है। इस पर आरोप है कि यह महिला न सिर्फ फर्जी तरीके से लोगों को ठगती थी, बल्कि वर्दी का धौंस जमाकर दबंगई भी दिखाती थी। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद मुफस्सिल थाना की पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई की है। गिरफ्तार महिला की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के संत नगर-1 निवासी कजोमा कुमारी के रूप में की गई है। यह महिला लंबे समय से खुद को सब-इंस्पेक्टर के रूप में परिचय देती थी। इसने निशु कुमारी के नाम से वर्दी पर नेमप्लेट लगा रखा था और पुलिस के तमाम साजो-सामान रखती थी। इस संबंध में सदर डीएसपी आनंद पांडेय ने बताया कि स्थानीय लोगों ने सूचना दी थी कि यह महिला पुलिस का रौब दिखाती है और इसने डरा-धमका कर कई लोगों से पैसे ऐंठे हैं। जब लोगों को सच्चाई मालूम हुई, तो उससे पैसे लौटाने को कहा। इस पर उसने दोबारा जेल भेजने की धमकी देते हुए डपट दिया। इन शिकायतों की जब जांच कराई गई, तो आरोप सही मिले। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया। इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि एक महिला फर्जी पुलिस सब-इंस्पेक्टर बनकर लोगों को खुलेआम लूट रही थी और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लग रही थी। कई लोगों को लगा कि या तो यह असली पुलिस है या पुलिस से इसकी मिलीभगत है। अंत में तंग आकर लोगों ने मुफस्सिल थाने में इस महिला के खिलाफ लिखित शिकायत दी। बेगूसराय सदर के डीएसपी आनंद पांडेय ने बताया कि महिला के खिलाफ हमें शिकायत मिली थी कि इसने वर्दी का फायदा उठाकर लोगों से ठगी की है। गिरफ्तारी के बाद महिला ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। पुलिस ने उसे कस्टडी में ले लिया है। उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

बदलते दौर में होली: परंपरा से आधुनिकता तक का सफर

सुनील कुमार महला

होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह सामाजिक एकता, प्रेम, क्षमा और बंधुत्व का प्रतीक है। यह शीत ऋतु की विदाई और ग्रीष्म ऋतु के आगमन का सांकेतिक पर्व भी है। फाल्गुन मास में जब पलाश के फूल खिलते हैं और आम्र-मंजरियां महकती हैं, तब प्रकृति स्वयं रंगों में रच-बस जाती है। होली हमें सिखाती है कि बाहरी रंगों के साथ-साथ मन को भी रंगना आवश्यक है।

हर वर्ष फाल्गुन मास की पूर्णिमा को होलिका दहन का पर्व मनाया जाता है और उसके अगले दिन चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा को रंगों की होली खेली जाती है। किंतु इस वर्ष पूर्णिमा तिथि पर वर्ष का पहला चंद्र ग्रहण पड़ने के कारण होलिका दहन और रंगोत्सव की तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

ज्योतिषियों के अनुसार इस वर्ष 3 मार्च 2026 को वर्ष का पहला चंद्र ग्रहण पड़ रहा है और यह भारत में भी दृश्यमान होगा। द्रिक पंचांग के अनुसार ग्रहण दोपहर 3 बजकर 20 मिनट से प्रारंभ होकर सायं 6 बजकर 46 मिनट तक रहेगा। चूंकि यह ग्रहण भारत में दिखाई देगा, इसलिए इसका सूतक काल 9 घंटे पूर्व, अर्थात सुबह 6 बजकर 20 मिनट से प्रारंभ हो जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सूतक काल में शुभ कार्य, उत्सव, पूजन, भोजन बनाना और ग्रहण करना वर्जित माना जाता है। इस दौरान मंदिरों के कपाट भी बंद कर दिए जाते हैं। ऐसे में रंगों की होली खेलना अशुभ और नकारात्मक प्रभाव देने वाला माना गया है।

शास्त्रों के अनुसार होलिका दहन के अगले दिन ही रंगों की होली खेली जाती है, किंतु इस बार ग्रहण के कारण विशेष सावधानी अपेक्षित है। होलिका दहन 2 मार्च 2026, सोमवार की रात्रि में भद्रा के पुच्छ काल में किया जा सकता है। भद्रा का पुच्छ 2 मार्च को रात्रि 11 बजकर 53 मिनट से 3 मार्च की रात्रि 1 बजकर 26 मिनट तक रहेगा। इसके अतिरिक्त 3 मार्च को प्रातः 5:30 बजे से 6:45 बजे के बीच भी होलिका दहन करना लाभकारी माना गया है, क्योंकि इसके बाद सूतक काल प्रारंभ हो जाएगा। चूंकि 3 मार्च को सूतक और ग्रहण का प्रभाव रहेगा, इसलिए उस दिन रंगों की होली खेलना उचित नहीं है। इस दृष्टि से 4 मार्च 2026 को रंगों की होली मनाना अधिक शुभ और लाभकारी रहेगा। ग्रहण समाप्ति के बाद स्नानादि कर शुद्ध होकर ही किसी भी प्रकार का उत्सव करना चाहिए।

होली का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व:-

होली भारत का एक प्राचीन और लोकजीवन से गहराई से जुड़ा उत्सव है। इसकी जड़ें भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं में गहराई तक समाई हुई हैं। फाल्गुन पूर्णिमा को होलिका दहन और अगले दिन रंगोत्सव मनाने की परंपरा सदियों पुरानी है। प्राचीन काल में होली केवल एक दिन का त्योहार नहीं होती थी, बल्कि पूरे फाल्गुन मास में फाग और उल्लास का वातावरण बना रहता था। गांवों में चंग और ढोल की थाप पर फाग गीत गूंजते थे, स्वांग और लोकनाट्य प्रस्तुतियां होती थीं तथा समाज के सभी वर्ग मिलकर उत्सव मनाते थे। पूर्वकाल में होली अत्यंत सामुदायिक और सौहार्दपूर्ण होती थी। लोग घर-घर जाकर फाग गाते थे। महिलाएं गाय के गोबर से उपले बनाती थीं, जिन्हें होलिका दहन की अग्नि में अर्पित किया जाता था। यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति और कृषि संस्कृति से जुड़ी आस्था का प्रतीक था। होलिका पूजन विधि-विधान से किया जाता था, जिसमें परिवार की सुख-समृद्धि और उत्तम फसल की कामना की जाती थी। अग्नि में हरे चने और गेहूं की बालियां सेंकी जाती थीं। इन भुने चनों को 'होला' कहा जाता है, जिन्हें प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता था। यह परंपरा रबी की फसल के पकने और कृषि समृद्धि से जुड़ी थी।

रंगों का आध्यात्मिक और दार्शनिक अर्थ:-

होलिका दहन के अगले दिन प्राकृतिक रंगों, गुलाल और अबीर से होली खेली जाती थी। लोग गले मिलकर पुराने मतभेद भुला देते थे। होली का मूल संदेश है-मन के विकारों को जलाकर प्रेम, क्षमा और भाईचारे के रंग में रंग जाना। रंगों में तीन प्रमुख रंग माने गए हैं-लाल, हरा और नीला। शेष रंग इन्हीं से निर्मित होते हैं। लाल रंग उत्साह, साहस, सौभाग्य, उमंग और नवजीवन का प्रतीक है। यह मानवीय चेतना में तीव्र ऊर्जा और कंपन उत्पन्न करता है। होली का जोश और उल्लास लाल रंग में ही परिलक्षित होता है।हरा रंग विश्वास, उर्वरता, समृद्धि और प्रगति का प्रतीक है। यह विचारों की हरियाली और जीवन की खुशहाली का संदेश देता है। नीला रंग शांति, स्थिरता और व्यापकता का प्रतीक है। आकाश और समुद्र की विशालता की भांति यह समावेशी भावना का द्योतक है। वास्तु शास्त्र में इसे मानसिक शांति से जोड़ा गया है तथा योग दर्शन में इसे विशुद्ध चक्र (कंठ चक्र) के संतुलन से संबंधित माना जाता है।

साहित्य में होली:-

महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने भी होली के उल्लास और प्रकृति के रंगों का सुंदर चित्रण किया है। उनकी कविता में लाल गुलाल और प्रकृति के राग-पराग का जो वर्णन मिलता है, वह होली के सांस्कृतिक सौंदर्य को सजीव कर देता है।

पारंपरिक होली बनाम आधुनिक होली:-

पूर्वकाल में होली प्राकृतिक रंगों से खेली जाती थी-हल्दी से पीला, चुकंदर से लाल, फूलों से गुलाबी और नीम की पत्तियों से हरा रंग बनाया जाता था। ये रंग त्वचा के लिए सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्धक होते थे। पलाश के फूलों से बना रंग विशेष लोकप्रिय था। आज रासायनिक रंगों का प्रचलन बढ़ गया है, जिनमें कई बार सल्फर और भारी धातुओं का उपयोग होता है। इनके कारण त्वचा में जलन, एलर्जी, आंखों में संक्रमण तथा पर्यावरण प्रदूषण जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। पहले होली गीतों में अश्लीलता नहीं होती थी; फाग, ढोल-नगाड़े, चंग-डफ और बांसुरी के साथ सामूहिक उत्सव मनाया जाता था। नशे का प्रचलन सीमित था। समय के साथ डीजे संस्कृति, तेज ध्वनि और डिजिटल माध्यमों ने स्थान ले लिया है। आत्मीयता, बड़ों का आशीर्वाद लेने की परंपरा तथा सामुदायिकता में कमी देखी जा रही है।

होली का वास्तविक संदेश:-

होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह सामाजिक एकता, प्रेम, क्षमा और बंधुत्व का प्रतीक है। यह शीत ऋतु की विदाई और ग्रीष्म ऋतु के आगमन का सांकेतिक पर्व भी है। फाल्गुन मास में जब पलाश के फूल खिलते हैं और आम्र-मंजरियां महकती हैं, तब प्रकृति स्वयं रंगों में रच-बस जाती है। होली हमें सिखाती है कि बाहरी रंगों के साथ-साथ मन को भी रंगना आवश्यक है। यह पर्व नकारात्मकता, द्वेष और कटुता को त्यागकर नवजीवन का संदेश देता है। यदि हम मयार्दा, प्राकृतिक रंगों और पारंपरिक मूल्यों के साथ होली मनाएं, तो यह पर्व आज भी उतनी ही आत्मीयता और उल्लास से मनाया जा सकता है, जितना पूर्वकाल में मनाया जाता था। अंततः होली का सार यही है-रंगों में घुली मिठास हो,हर चेहरे पर उल्लास हो, दिल से दिल की पहचान हो, और जीवन प्रेम व सद्भाव से परिपूर्ण हो। आप सभी को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।

संपादकीय

बढ़ेंगी हमारी मुश्किलें

'समरथ को नहिं दोष गुसाईं' उक्ति की तर्ज पर ईरान पर हुए अमेरिकी-इस्राइली हमले को पश्चिमी देशों द्वारा तार्किक बताया जा रहा है। इस हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्ला खामेनेई तथा उनके परिजनों समेत कई लोगों की मौत को किसी भी तरह न्यायसंगत नहीं ठहराया जा सकता। यह समय वैश्विक कानून-व्यवस्था के भंग होने और अमेरिका के साम्राज्यवादी मंसूबों के सिरे चढ़ने का है। जब से ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं, उन्होंने वैश्विक संप्रभुता और संयुक्त राष्ट्र समेत दुनिया की तमाम नियामक संस्थाओं को बेबस बना दिया है। वेनेजुएला में हमला करके राष्ट्रपति निकोलेस मादुरो को गिरफ्तार करके अमेरिका ले जाने के बाद अब खामेनेई की परिवार समेत हत्या ने दर्शा दिया है कि दुनिया फिर जंगल-राज की तरफ बढ़ रही है। शक्ति बंदूक की नोक से निकलती दिख रही है। छोटे राष्ट्रों की संप्रभुता संकट में है। यूक्रेन पर रूसी आक्रमण, वेनेजुएला व ईरान पर अमेरिकी हमला बता रहा है कि आने वाले दिनों में ताइवान जैसे अन्य संकटग्रस्त देशों के सामने अस्तित्व बनाये रखने की चुनौती होगी। पूरी दुनिया में आपूर्ति श्रृंखला में आये व्यवधान तथा ट्रंप के टैरिफ आतंकवाद से दुनिया की अर्थव्यवस्था पहले ही चरमरा रही है। रोजगार के अवसर कम हुए हैं और लोगों को भारी महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। ईरान पर अमेरिका-इस्राइल के हमले की प्रतिक्रिया मध्यपूर्व के अलावा पश्चिमी देशों में आने वाले समय में दिखाई देगी। जिसकी असली कीमत मानवता को ही चुकानी होगी।

निस्संदेह, आने वाले दिनों में भारत को ईरान-अमेरिकी संघर्ष की कीमत चुकानी होगी। इससे भारत की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। भारत के लिये मुश्किल यह भी है कि ईरान पर हमला प्रधानमंत्री की इस्राइल यात्रा के तुरंत बाद हुआ है। जिससे भारत के लिये मध्यपूर्व को लेकर विदेश नीति में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। इसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। इससे हार्मुज स्ट्रेट रूट से भारत को होने वाली कच्चे तेल की आपूर्ति में बाधा उत्पन्न होगी। वहीं दूसरी ओर मध्यपूर्व में कार्यरत नब्बे लाख से अधिक भारतीयों पर प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रभाव पड़ेगा और उनके द्वारा भारत भेजी जाने वाली धनराशि भी प्रभावित होगी। भारत द्वारा आयातित कच्चे तेल की पचास फीसदी आपूर्ति होर्मुज स्ट्रेट रूट से होती है। रूसी तेल खरीदने पर अमेरिकी दबाव के चलते भी इस रूट से भारतीय आपूर्ति बढ़ी है। इस क्षेत्र में तनाव बढ़ने का सीधा असर भारत में कच्चे तेलों के दामों पर पड़ेगा। भविष्य में भारतीयों को तेल कीमतों में वृद्धि का सामना करना पड़ेगा। वहीं लाल सागर से होने वाली तेल आपूर्ति भी ईरान समर्थक हूती विद्रोहियों की धमकी से प्रभावित होगी। कूटनीतिक स्तर पर भी भारत को असहज स्थिति का सामना करना पड़ेगा। भारत इस समय ग्लोबल साउथ के नेतृत्व का दावा करता है और फिलहाल ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है, ईरान भी पिछले साल ब्रिक्स का सदस्य बन चुका है। ऐसे में क्या भारत इस हमले का विरोध करने की स्थिति में है? भारत ईरान से पुराने संबंधों के चलते क्या अमेरिका से दूरी बना सकता है?

चिंतन-मनन

न देने वाला मन

एक भिखारी सुबह-सुबह भीख मांगने निकला। चलते समय उसने अपनी झोली में जौ के मुट्ठी भर दाने डाल लिए। टोटके या अंधविश्वास के कारण भिक्षाटन के लिए निकलते समय भिखारी अपनी झोली खाली नहीं रखते। थैली देख कर दूसरों को लगता है कि इसे पहले से किसी ने दे रखा है। पूर्णिमा का दिन था, भिखारी सोच रहा था कि आज ईश्वर की कृपा होगी तो मेरी यह झोली शाम से पहले ही भर जाएगी।

अचानक सामने से राजपथ पर उसी देश के राजा की सवारी आती दिखाई दी। भिखारी खुश हो गया। उसने सोचा, राजा के दर्शन और उनसे मिलने वाले दान से सारे दरिद्र दूर हो जाएंगे, जीवन संवर जाएगा। जैसे-जैसे राजा की सवारी निकट आती गई, भिखारी की कल्पना और उत्तेजना भी बढ़ती गई। जैसे ही राजा का रथ भिखारी के निकट आया, राजा ने अपना रथ रुकवाया, उतर कर उसके निकट पहुंचे। भिखारी की तो मानो सांसें ही रुकने लगीं। लेकिन राजा ने उसे कुछ देने के बदले उलटे अपनी बहुमूल्य चादर उसके सामने फैला दी और भीख की याचना करने लगे।

भिखारी को समझ नहीं आ रहा था कि क्या करे। अभी वह सोच ही रहा था कि राजा ने पुन? याचना की। भिखारी ने अपनी झोली में हाथ डाला, मगर हमेशा दूसरों से लेने वाला मन देने को राजी नहीं हो रहा था। जैसे-तैसे कर उसने दो दाने जौ के निकाले और उन्हें राजा की चादर पर डाल दिया। उस दिन भिखारी को रोज से अधिक भीख मिली, मगर वे दो दाने देने का मलाल उसे सारे दिन रहा। शाम को जब उसने झोली पलटी तो उसके आश्चर्य की सीमा न रही। जो जौ वह ले गया था, उसके दो दाने सोने के हो गए थे। उसे समझ में आया कि यह दान की ही महिमा के कारण हुआ है। वह पछताया कि काश! उस समय राजा को और अधिक जौ दी होती, लेकिन नहीं दे सका, क्योंकि देने की आदत जो नहीं थी।

विनाश का अट्टहास: तीन नेताओं की हठ और तीसरे विश्व युद्ध की दहलीज पर खड़ी मानवता

दिलीप कुमार पाठक

दुनिया की नजरें इस वक्त मध्य पूर्व के उस सुलगते बारूद पर टिकी हैं, जहाँ एक चिंगारी ने पूरे वैश्विक अमन-चैन को स्वाहा करने की ठान ली है। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई की एक भीषण सैन्य हमले में हुई मृत्यु ने इस पूरे क्षेत्र को श्मशान में बदलने की कगार पर खड़ा कर दिया है। इस घटना के बाद ईरान के नए राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने जिस तरह से प्रतिशोध का बिगुल फूंका है, उससे साफ है कि अब यह केवल दो देशों की आपसी रंजिश नहीं रही। पेजेश्कियान का यह रुख कि वे अपने नेतृत्व की हत्या का बदला लेने के लिए अंतिम विकल्प तक जा सकते हैं, पूरी मानव सभ्यता के लिए एक प्रलयंकारी संकेत है। अगर हम निष्पक्ष होकर इस महासंकट का विश्लेषण करें, तो समझ आता है कि चंद शक्तिशाली नेताओं के अहंकारी फैसलों और व्यक्तिगत राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं ने आज अरबों लोगों की सांसों को गिरवी रख दिया है।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को यह गंभीरता से सोचना होगा कि क्या केवल मिसाइलों और लक्षित हत्याओं से इजरायल कभी सुरक्षित हो पाएगा? इतिहास गवाह है कि रक्तपात हमेशा नई और अधिक भयानक नफरत को जन्म देता है। नेतन्याहू पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह आरोप लगता है कि वे अपने घरेलू राजनीतिक संकट और सत्ता की कुर्सी बचाने के लिए इस युद्ध की आग को जानबूझकर बुझने नहीं दे रहे हैं। उन्हें यह समझना चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों की धज्जियाँ उड़ाकर और संप्रभु देशों के शीर्ष नेतृत्व को निशाना बनाकर हासिल की गई जीत असल में एक नैतिक हार है। इजरायल की असली ताकत पड़ोसियों के साथ विश्वास की दीवार खड़ी करने में है, न कि डर का साम्राज्य फैलाने में। बेगुनाह बच्चों और आम नागरिकों की चीखें किसी भी आधुनिक राष्ट्र के लिए विजय का गान नहीं हो सकतीं।

दूसरी ओर, डोनाल्ड ट्रम्प और उनकी आक्रामक विदेश नीति इस पूरे विवाद की जड़ में बारूद बिछाने का काम कर रही है। ट्रम्प के शासनकाल में लिए गए कठोर फैसलों और अब उनके युद्ध-समर्थक बयानों ने सुलह की रही-सही गुंजाइश को भी मटियामेट कर दिया है। एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में अमेरिका का उत्तरदायित्व शांति स्थापना का होना चाहिए था, लेकिन ट्रम्प की धौंस और दबाव वाली नीति अक्सर समाधान के बजाय संकट को अधिक गहरा कर देती है। अमेरिका को यह समझना होगा कि दुनिया अब उनके एकतरफा आदेशों का दास नहीं है। हथियारों का बाजार गर्म करने और सैन्य गठबंधनों को उकसाने की होड़ ने कूटनीति की मेज को धराशायी कर दिया है। अगर अमेरिका ने एक पक्षपाती खिलाड़ी की भूमिका नहीं छोड़ी, तो वह इतिहास में एक शांति रक्षक नहीं बल्कि एक वैश्विक गृहयुद्ध के सूत्रधार के रूप में दर्ज होगा।

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान के लिए भी यह गहरे आत्ममंथन का समय है। एक राष्ट्र के रूप में अपने सर्वोच्च मार्गदर्शक को खोना निस्संदेह एक अपूरणीय क्षति है, लेकिन प्रतिशोध के आवेश में आकर पूरी दुनिया को परमाणु विभीषिका की धमकी देना किसी भी तर्क से उचित नहीं है। पेजेश्कियान को चाहिए कि वे कट्टरपंथियों के दबाव में आकर अपनी जनता को मौत की भट्टी में न झोंकें। ईरान को यह समझना होगा कि प्रॉक्सि वार और अस्थिरता फैलाने वाली नीतियां अंततः उसे ही दुनिया में अलग-अलग कर देंगी। युद्ध की हुंकार भरना आसान है, लेकिन जर्जर अर्थव्यवस्था और उजड़े हुए परिवारों को फिर से खड़ा करना असंभव होता है। उन्हें आक्रोश के बजाय संयम और कूटनीति के कठिन मार्ग को चुनना चाहिए ताकि ईरान का अस्तित्व बचा रह सके।

इस संघर्ष का वैश्विक असर अब केवल तेल की कीमतों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर इंसान की थाली तक पहुँच चुका है। होर्मुज जलडमरूमध्य और लाल सागर जैसे व्यापारिक मार्गों के बंद होने के डर ने दुनिया भर की सप्लाई चेन को पंगु बना दिया है। यदि यह तनाव पूर्ण युद्ध में बदलता है और रूस-चीन जैसे देश इसमें कूदते हैं, तो यह आधिकारिक रूप से तृतीय विश्व युद्ध का आगाज होगा। परमाणु युग में लड़ा जाने वाला यह युद्ध किसी को विजेता नहीं बनाएगा, बल्कि धरती पर केवल राख के ढेर और सन्नाटा छोड़ जाएगा। भारत का पक्ष इस पूरे विवाद में दुनिया के लिए एक मिसाल है। भारत की नीति हमेशा से संतुलित और मानवीय रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बार-बार चेतावनी दी है कि यह युग युद्ध का नहीं है। भारत के लिए यह स्थिति किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है क्योंकि हमारी ऊर्जा सुरक्षा और खाड़ी देशों में रहने वाले लगभग 90 लाख भारतीयों की जान सीधे इस खतरे की जद में है। भारत आज दुनिया का वह विरल देश है जो इजरायल और ईरान, दोनों से संवाद करने का हौसला रखता है। निष्कर्ष यही है कि आज दुनिया को हथियारों की नुमाइश की नहीं, बल्कि संवेदनशील और दूरदर्शी नेतृत्व की जरूरत है। यदि इन तीनों देशों ने अपना अहंकार नहीं त्यागा, तो आने वाली पीढ़ियाँ इन्हें मानवता के हत्यारों के रूप में याद रखेंगी।

स्वास्थ्य, संस्कृति और अर्थव्यवस्था का आधार है वन्यजीव संरक्षण

योगेश कुमार गोयल

वन्यजीवों की पुकार, अब नहीं तो कभी नहीं... वन्य जीव हमारी धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन अपने निहित स्वार्थों तथा विकास के नाम पर मनुष्य ने उनके प्राकृतिक आवासों को बेदर्दी से उजाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है और वनस्पतियों का भी सफाया किया है। धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए मनुष्य को प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखने की जरूरत होती है, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या इकोसिस्टम भी कहा जाता है। धरती पर अब वन्य जीवों और दुर्लभ वनस्पतियों की कई प्रजातियों का जीवनचक्र संकट में है। वन्य जीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनियाभर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवों में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। इन्हीं वन्य जीवों, वनस्पतियों और उनके आवासों को सुरक्षा प्रदान करने को वन्य जीव संरक्षण कहा गया है तथा इनके संरक्षण के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 3 मार्च को 'विश्व वन्यजीव दिवस' मनाया जाता है। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है और इस वर्ष 'औषधीय और सुगंधित पौधे: स्वास्थ्य, विरासत और आजीविका का संरक्षण' थीम के साथ मनाया जा रहा है। यह विषय मानव स्वास्थ्य, सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय आजीविका को बनाए रखने में इन पौधों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है, साथ ही पर्यावास के विनाश, अत्यधिक कटाई और अन्य कारणों से इन पर बढ़ते दबावों को दशार्ता है।

जीव-जंतुओं की तमाम प्रजातियां और वनस्पतियां मिलकर अत्यावश्यक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं और सही मायनों में वन्य जीव हमारे मित्र है, इसीलिए उनका संरक्षण किया जाना बेहद जरूरी है। हमें भली-भांति यह समझ लेना चाहिए कि इस धरती पर जितना अधिकार हमारा है, उतना ही इस पर जन्म लेने वाले अन्य जीव-जंतुओं का भी है। लेकिन आज प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्यजीव दिवस मनाए जाने के उद्देश्यों में विभिन्न किस्म की वनस्पतियों तथा जीव-जंतुओं पर ध्यान केन्द्रित करना, उनके संरक्षण के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाना, पूरी दुनिया को वन्यजीव अपराधों के बारे में स्मरण करवाना और मनुष्यों के कारण इनकी प्रजातियों की संख्या कम होने के विरूद्ध कारवाई करना शामिल हैं।

समस्त स्थलीय और जलीय जीवों के लिए वन्य जीवों का बने रहना अत्यावश्यक है। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित अपनी चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से यह उल्लेख किया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे वन्य जीव पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते वन्य जीवों के आशियाने भी लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दुनिया के जंगली जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 'विश्व वन्यजीव दिवस' के आयोजन का निर्णय लिया गया। महासभा ने यह सुनिश्चित करने में साइट्स की महत्वपूर्ण भूमिका को भी मान्यता दी ताकि वह सुनिश्चित कर सके कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा नहीं है।

ब्रिटिश काल से ही भारत में वन्यजीवों को सुरक्षा प्रदान करने और बचाने के लिए कानूनी प्रावधान किए जाते रहे हैं लेकिन चिंता की बात यह है कि उसके बावजूद वन्यजीवों की अनेक प्रजातियां पिछली एक सदी में लुप्त हो गई हैं। विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की 'लिविंग प्लेनेट रिपोर्ट 2024' में कुछ ही महीने पहले चौंका देने वाला यह चिंताजनक खुलासा भी हुआ था कि 1970 से 2020 के बीच वन्यजीव आबादी में 73 प्रतिशत की विनाशकारी गिरावट दर्ज की गई, जिनमें स्तनधारी, पक्षी, उभयचर, सरीसृप, मछली इत्यादि जीव शामिल हैं। ताजे पानी के पारिस्थितिक तंत्र में यह गिरावट 85 प्रतिशत रही है। हर दो साल में प्रकाशित होने वाली इस रिपोर्ट में बताया गया है कि वन्यजीवों की आबादी दुनियाभर में कैसे प्रभावित हो रही है। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के अनुसार वन्य जीवों को विलुप्त होने से बचाने के लिए देश में सबसे पहले वर्ष 1872 में ब्रिटिश शासनकाल में 'वाइल्ड एलीकेंट प्रोटेक्शन एक्ट' बनाया गया था। उसके बाद वर्ष 1927 में वन्य जीवों के शिकार और वनों की अवैध कटाई को अपराध मानते हुए 'भारतीय वन अधिनियम' अस्तित्व में आया, जिसके तहत सजा का प्रावधान किया गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1956 में 'भारतीय वन अधिनियम' पारित किया गया और 1972 में देश में वन्यजीवों को सुरक्षा प्रदान करने तथा अवैध शिकार, तस्करी और अवैध व्यापार को



नियंत्रित करने के उद्देश्य से 'वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972' लागू किया गया। वर्ष 1983 में वन्य जीव संरक्षण के लिए 'राष्ट्रीय वन्य जीव योजना' शुरू की गई, जिसके तहत वन्य जीवों को इंसानी अतिक्रमण से दूर रखने और उनकी सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय पार्क और वन्य प्राणी अभयारण्य बनाए गए। जनवरी 2003 में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम में संशोधन किया गया और अधिनियम के तहत अपराधों के लिए जुमार्ना तथा सजा को अधिक कठोर बना दिया गया। बहरहाल, प्रत्येक व्यक्ति के लिए यह समझना बेहद जरूरी है कि वन्य जीवों का संरक्षण हम सभी की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है क्योंकि वन्य प्राणियों की विविधता से ही धरती का प्राकृतिक सौन्दर्य है, इसलिए लुप्तप्राय: पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है।

